दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 222
कोटद्वार शुक्रवार
16 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## राज्यपाल ने दी प्रदेशवासियों को विजय दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने विजय दिवस के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों, वीर सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों व शहीदों के परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। सन् 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर विजय स्मृति में प्रत्येक वर्ष 16 दिसम्बर को मनाए जाने वाले विजय दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को भारतीय सेना के वीर, साहसी, पराक्रमी व समर्पित जवानों पर गर्व है।

राष्ट्र की एकता, सम्प्रभुता तथा अखण्डता की रक्षा हेतु समर्पित हमारी सेना तथा इसका प्रत्येक जवान हमारा गौरव है। विजय दिवस भारतीय सेना के साहस, वीरता, शौर्य तथा पराक्रम का प्रतीक है। देश का प्रत्येक नागरिक भारतीय सेना का अत्यन्त सम्मान करता है तथा अपार स्नेह रखता है।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत

**रुद्रपुर** : ट्रेन की चपेट में आकर एक वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमाऊं मयूर विहार सेक्टर-3 निवासी 65 वर्षीय ललिता देवी पत्नी स्वर्गीय खड़क सिंह ज्याला गुरूवार को पोस्टआफिस से वापस घर जा रही थी।

लोहियाहेड रोड स्थित रेलवे कसिंग पर टनकपुर से ट्रेन आ रही थी जिस कारण रेलवे फाटक बंद था। वृद्धा बंद फाटक के नीचे से निकलकर रेलवे कसिंग पार करने का प्रयास कर रही थी तभी तेज गति से आ रही ट्रेन ने वृद्धा को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार वृद्धा के पति खड़क सिंह ज्याला पीएसी से सेवानिवृत थे। पूर्व में उनका निधन हो चुका है। मृतक वृद्धा के दो पुत्र विक्रम सिंह व राजेन्दर सिंह व चार पुत्रियां है। सभी का विवाह हो चुका है। वृद्धा घर पर अकेली रहती थी। बड़ा पुत्र बिक्रम सिंह सिडकुल मे एक नीजि फैक्ट्री में कार्यरत है। तथा छोटा पुत्र राजेन्दर कुवैत में रहता है। सूचना मिलते ही बड़ा पुत्र बिक्रम सिंह घर पहुंच गया। इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया। (एजेंसी)

## घर में लगी आग, हड़कंप मचा

**रुड़की।** परिवार की मौजूद्गी में एक घर में आग लग गई। लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग भड़कती चली गई। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह पता नहीं चल सकी है।

सिविल लाइन्स निवासी अविनाश के आवास में गुरुवार दोपहर में अचानक धुआं उठने के बाद आग लग गई। आग की लपटें लगातार बढ़ती चली गई। परिवार कुछ समझ पाता इससे पहले ही आग ने भयंकर रूप ले लिया।

आसपास के लोगों के साथ मिलकर परिवार ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग भड़कती चली गई। परिवार किसी तरह घर से बाहर निकला। और सूचना अग्निशमन कर्मचारियों को दी। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह चौहान और अग्निशमन टीम के कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को घटनास्थल से दूर हटने के लिए कहा। इसके बाद अग्निशमन कर्मचारी घर के अंदर दाखिल हुए और आग पर पानी की बौछार शुरू कर दी।

# परमाणु क्षमता से लैस अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद बढ़े तनाव के बीच भारत ने गुरुवार को जमीन से जमीन पर मार करने की क्षमता वाली परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का रात्रि परीक्षण सफलतापूर्वक किया। रक्षा सूत्रों ने इस परीक्षण के बारे में जानकारी दी। इस मिसाइल में तीन स्टेज में संचालित होने वाला सलिड फ्यूल इंजन लगाया गया है। अग्नि-5 पांच हजार किलोमीटर तक सटीक मार करने की क्षमता रखती है। ओडिशा के बालासोर तट स्थित अब्दुल कलाम परीक्षण केंद्र पर यह परीक्षण किया गया।

रक्षा सूत्रों ने यह भी बताया कि मिसाइल पर लगाई गई नई तकनीकों और उपकरणों के परीक्षण के लिए इसकी टेस्टिंग की गई थी। यह मिसाइल अब पहले से हल्की हो गई है। इतना ही नहीं, जरूरत पड़ने पर अग्नि-5 मिसाइल की रेंज बढ़ाने की क्षमता भी विकसित की गई है।

अग्नि श्रृंखला की इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल को डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने साथ में विकसित किया है। कई रिपोर्ट्स में तो यहां तक दावा किया जाता है कि नई अग्नि मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 से 8,000 किमी है। अग्नि-5 की ऊंचाई 17 मीटर और व्यास 2 मीटर है। मिसाइल का वजन 50 टन है जोकि 15 टन तक न्यूक्लियर वरहेड ढोने में सक्षम है। अग्नि-5, 24 गुना तेज आवाज की रफ्तार के साथ मुकाबला कर सकती है।

रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, यह मिसाइल बीजिंग, शंघाई, ग्वांगझाउ और हांगकांग सहित पूरे चीन को निशाना बनाने में सक्षम है। 'अग्नि-5' अपनी शृंखला में सबसे आधुनिक हथियार है। इसमें नौवहन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियां हैं। परमाणु सामग्री ले जाने की इसकी क्षमता दूसरी मिसाइल प्रणालियों से कहीं ज्यादा है।

अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली बहुत कम देशों के पास है, जिसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है। इसमें अमेरिका, चीन. रूस, फ्रांस और उत्तर कोरिया शामिल हैं। बता दें कि भारत के पास पहले से ही 700 किमी रेंज वाली अग्नि-1, 2000 किमी रेंज वाली अग्नि-2, 2,500 किमी से 3,500 किमी रेंज वाली अग्नि-3 मिसाइलें हैं। इन्हें पाकिस्तान के खिलाफ बनाई गई रणनीति के तहत तैयार किया गया है। वहीं अग्नि-4 और अग्नि-5 को चीन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।



5000 किमी तक मार करने में सक्षम

## भारतीय सीमा में फिर घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, बीएसएफ ने की फायरिंग

**फिरोजपुर/फाजिल्का (पंजाब), एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तान लौट रहे ड्रोन पर छह गोलियां दागी हैं। पुलिस व बीएसएफ के संयुक्त सर्च अभियान के दौरान सीमांत गांव बारेका के खेत से एक बैग मिला है, इसमें हेरोइन के तीन पैकेट हैं। 13 करोड़ रुपये की दो किलो 650 ग्राम हेरोइन मिली है। सर्च टीम ने खोजी कुत्ते की मदद से शक की बुनियाद पर एक व्यक्ति को काबू कर उक्त हेरोइन के बारे में पूछताछ कर रही है। यह घटना बीएसएफ के अबोहर सेक्टर के फाजिल्का स्थित गांव बारेका की है।

खुफिया सूत्रों के मुताबिक बुधवार रात घनी धुंध में पाकिस्तान से आया ड्रोन सीमांत गांव बारेका के खेतों में हेरोइन के पैकेट दें क लौट रहा था। सरहद पर गश्त कर रहे बीएसएफ जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनते ही उस पर छह गोलियां दागीं। मगर ड्रोन पाकिस्तान की सीमा पर दाखिल हो गया। रात को ही बीएसएफ ने पुलिस को सूचित कर दिया। रात से ही बीएसएफ व पुलिस ने संयुक्त सर्च अभियान चलाया।



गुरुवार सुबह गांव बारेका में एक बैग मिला। बैग में हुक लगा था। इसी के सहारे ड्रोन से लटकाया गया था। बैग खोलने पर तीन हेरोइन के पैकेट मिले हैं। हेरोइन का वजन दो किलो 650 ग्राम है। इसकी कीमत 13 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। जहां पर हेरोइन के पैकेट मिले हैं, वहां पर पांव के निशान मिले हैं। खोजी कुत्ते के जरिये एक व्यक्ति को काबू किया गया है। अब उससे हेरोइन के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# उत्तरायणी पर्व पर सौर ऊर्जा से संबंधित योजनाएं होगीं लांच : सीएम

## सुशासन दिवस पर सभी जनपदों में होगा ग्राम चौपाल का आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उत्तरायणी मेले, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर सुशासन दिवस एवं वीर बाल दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तरायणी मेले में प्रदेशभर में भव्य आयोजन किये जाएं। यह मेला संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन को बढ़ावा देता है। 14 जनवरी को पूरे देश में अलग-अलग रूपों में सूर्य उपासना के पर्व मनाये जाते हैं। उत्तरायणी मेले का उत्तराखण्ड की संस्कृति में विशेष महत्व है। 14 जनवरी को उत्तरायणी उत्सव का मुख्य आयोजन बागेश्वर में किया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से भव्य आयोजन किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को उत्तरायणी मेले के महत्व की जानकारी हो और अन्तराष्ट्रीय फलक पर इसे पहचान दिलाने के लिए प्रदेशभर में भव्य आयोजन किये जाएं। पंच प्रयागों एवं राज्य के अन्य संगम स्थलों एवं महत्वपूर्ण घाटों पर भी उत्तरायणी के दिन सूर्य उपासना के पर्व का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरायणी पर्व पर सौर ऊर्जा के प्रति जन जागरूकता के लिए इससे सबंधित योजनाएं लांच की जाएंगी। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा संरक्षण पर निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। बागेश्वर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाए। जिसमें लोक गीत, लोक नृत्य एवं अन्य आयोजन भी किये जाए। इस पर्व पर उत्तराखण्ड की प्रमुख हस्तियों को भी सांस्कृतिक संध्या के लिए आमंत्रित किया जाए। संगमों पर भव्य आरती की व्यवस्था भी की जाए। हस्तशिल्प एवं फूड फेस्टिवल का आयोजन भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश में भव्य आयोजन किये जायेंगे। सभी जनपदों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा। जिनमें मंत्रीगण एवं अन्य जन प्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन दिवस पर वे स्वयं भी ग्राम चौपाल में प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन दिवस पर प्रदेश के सभी स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्रों का वितरण किया जायेगा। 25 दिसम्बर 2022 से 9 फरवरी 2023 तक प्रमाण पत्रों के वितरण की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस पर सिख समाज के दसवें गुरू, गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों साहिब जादा जोरावर सिंह और साहिब जादा फतेह सिंह के बलिदान दिवस पर राज्य स्तर पर मुख्य कार्यक्रम देहरादून में आयोजित किया जायेगा। जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। प्रदेश के सभी स्कूलों में वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। बैठक में विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, एचसी सेमवाल, विनोद कुमार सुमन, महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी, निदेशक संस्कृति श्रीमती बीना भट्ट, अपर सचिव जगदीश चन्द्र काण्डपाल उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में बैठक को संबोधित करते हुए।

# उक्रांद ने की रितु खंडूरी की विधायकी निरस्त करने की मांग

## रितु खंडूड़ी की विधायकी को लेकर निर्वाचन आयोग गया उक्रांद

**देहरादून। (प्रतिनिधि)।** उत्तराखंड क्रांति दल कोटद्वार विधायक तथा विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी विधायक की निरस्त करने की मांग को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात की और उनके माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड सरकार और भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित किए।



यूकेडी के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष तथा कोटद्वार विधायक रितु खंडूरी ने फरवरी 2022 में हुए उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के दौरान अपना पता, जी- 305 सोम विहार आरके पुरम दिल्ली ही दे रखा है। जब उन्होंने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से 28 जनवरी 2022 को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया तो उस समय वह उत्तराखंड की नहीं बल्कि आर के पुरम नई दिल्ली की मतदाता भी थी जबकि उसी दौरान उनका नाम उत्तराखंड के पौड़ी जिले के 37 पौड़ी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 128 के क्रम संख्या 571 पर भी दर्ज था।

यूकेडी नेता संजीव भट्ट ने ऐतराज जताया कि रितु खंडूरी विधानसभा अध्यक्ष के पद पर तैनात हैं इनकी विधायकी कैंसिल होनी चाहिए क्योंकि उनका नाम 1 जनवरी 2022 के अनुसार दिल्ली की वोटर लिस्ट में भी है उन्हें उत्तराखंड का वोटर बनने से पहले उसे कैंसिल करवाना चाहिए था जो कि उन्होंने नहीं किया। यह अवैधानिक है जिस पर तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए।

यूकेडी महिला मोर्चा की संगठन मंत्री मीना थपलियाल ने कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए मांग की कि दो जगह वोटर होने पर एफ आई आर दर्ज किए जाने का प्रावधान है। दो स्थानों की मतदाता सूची में नाम पाए जाने पर एक साल कारावास और जुर्माने की सजा है और यह दंड दोषी पाए जाने वाले मतदाताओं से लेकर इसे नजरअंदाज करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों तक को दिया जा सकता है। लिहाजा इस मामले में तत्काल विधि सम्मत कार्यवाही की जाए। यूकेडी नेता विपिन रावत ने निर्वाचन आयुक्त से कहा कि इसकी भी जांच करके कार्यवाही की जाए कि जब रितु खंडूरी 1 जनवरी 2022 को दिल्ली की मतदाता सूची में दर्ज है तो वह वर्ष 2017 में किस तरह से यमकेश्वर विधानसभा से चुनाव लड़कर विधायक बनी !यूकेडी नेता पंकज उनियाल ने आक्रोश जताते हुए कहा कि यह बेहद गंभीर प्रकरण है और संवैधानिक पद पर बैठे महानुभावों के लिए और भी अधिक गंभीर प्रकरण है। पया इस पर तत्काल कार्यवाही की जाए और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड तथा मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग को भी इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किया जाए। यूकेडी नेत्री किरन नौटियाल ने मांग की कि रितु खंडूड़ी का उत्तराखंड का वोटर कार्ड निरस्त करने के साथ ही उन पर कानूनी कार्यवाही की जाए और इनकी विधायक भी निरस्त की जाए। यूकेडी नेता सेमवाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयुक्त ने उनको इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड सरकार को यथोचित कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया।रितु खंडूरी की विधायकी निरस्त कराए जाने की मांग को लेकर निर्वाचन आयोग जाने वालों में उत्तराखंड क्रांति दल के यूकेडी केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल, मीना थपलियाल, संजीव भट्ट, विपिन रावत, पंकज उनियाल आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## ब्रिटेन में भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी की याचिका खारिज

### भारत प्रत्यर्पित किए जाने का रास्ता साफ

**लंदन, एजेंसी।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के फैसले खिलाफ ब्रिटेन के सर्वोच्च न्यायालय से करारा झटका लगा है। नीरव मोदी ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने उसकी अपील खारिज कर दी है। भगोड़े कारोबारी की याचिका खारिज करते हुए लंदन में हाई कोर्ट ने नीरव मोदी को ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट में अपने प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।



बीते माह नौ नवंबर को लंदन में हाईकोर्ट ने नीरव मोदी को भारत को प्रत्यर्पित करने का फैसला सुनाया था। हालांकि उसने हाईकोर्ट में एक और याचिका दाखिल करके ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका दाखिल करने की मांग की थी। आज उसकी इसी अपील पर लंदन की हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। उससे पहले, पिछले साल फरवरी में वेस्टमिंस्टर जज ने उसे भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश सुनाया था। हालांकि बाद में उसे इस फैसले के खिलाफ अपील करने की मंजूरी दी गई थी। भारत लंबे समय से नीरव मोदी को भारत लाने की कोशिशों में लगा है। लेकिन ब्रिटेन की जेल में बंद नीरव मोदी अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए अलग-अलग दलीलें दे रहा है। पूर्व में ब्रिटेन में उसके वकीलों ने दलील दी थी भगोड़ा आर्थिक अपराधी डिप्रेशन का शिकार है। वह भारत की जेलों में आत्महत्या कर सकता है। ये तर्क देकर उन्होंने नीरव मोदी को भारत भेजने का विरोध किया था। हालांकि ब्रिटेन की अदालन ने पूरी सुनवाई के बाद उसकी याचिका खारिज कर दी। इससे पहले मामले में सुनवाई के दौरान भी जस्टिस रबर्ट जे ने इस बात पर जोर दिया था कि भारत के ब्रिटेन के साथ अच्टे संबंध हैं। ऐसे में ब्रिटेन को 1992 की भारत-ब्रिटेन प्रत्यर्पण संधि का सम्मान करना जरूरी है।

इससे पहले विशेष पीएमएलए कोर्ट द्वारा दिसंबर 2019 में भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के अनुसार नीरव मोदी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया था। जिसके बाद वह लंदन भाग गया था। तीन साल पहले नीरव मोदी को ब्रिटेन की स्कटलैंड यार्ड पुलिस ने 13 मार्च 2019 को लंदन से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह साउथ वेस्ट लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में कैद है।

# दिल्ली एम्स में सिगरेट पीने या तंबाकू खाने पर लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (कोटपा) कानून के तहत स्कूल, कालेज अस्पताल सहित सार्वजनिक स्थलों पर धूपमान पहले से प्रतिबंधित है। दिल्ली में तंबाकू पर भी प्रतिबंध है। फिर भी इसके खिलाफ दिल्ली में कहीं सख्ती नहीं दिखती। लेकिन दिल्ली में अब एम्स एक ऐसा संस्थान होगा जो पूरी तरह तंबाकू व धूमपान मुक्त जोन होगा। इस बाबत एम्स प्रशासन ने आदेश जारी कर दिया है। इस वजह से एम्स में धूमपान व तंबाकू का इस्तेमाल करने पर 200 रुपये का जुर्माना तो होगा ही, संस्थान में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों के धूमपान करने नौकरी भी जाएगी।एम्स के निदेशक ड. एम श्रीनिवास द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि तंबाकू व धूमपान के इस्तेमाल से कैंसर, दिल व फेफड़े की बीमारियां होती हैं। इस वजह से तंबाकू मौत का एक बड़ा कारण है। सिगरेट व बीड़ी पीने वाले लोगों के साथ रहने वाले लोग भी उससे प्रभावित होते हैं। इसलिए यह स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक होता है। इस वजह से कोटपा कानून के तहत सार्वजनिक स्थलों पर धूमपान करने पर 200 रुपये जुमाने का प्रविधान है।इसके अलावा तंबाकू खाकर थूकने से कई संक्रामक बीमारियां फैलती हैं।



## घास काटते समय किसान का कटा हाथ

**रुड़की।** पशुओं के लिए मशीन में घास काट रहे एक किसान का हाथ अचानक मशीन में आ गया। इससे उसका हाथ कट गया। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। अकबरपुर ढाढेकी निवासी जाहिद अहमद अपने घेर में लगी मशीन से पशुओं के लिए घास काट रहा था। अचानक उसका हाथ मशीन में आकर कट गया।

# 15 परीक्षा केंद्रों पर 3980 परीक्षार्थी देगें पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : आगामी 18 दिसंबर को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली पुलिस आरक्षी, पीएसी, आईआरबी, अग्निशमन (पुरुष/महिला) परीक्षा की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराए जाने के लिए की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में तैनात किए गए जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र पर्यवेक्षकों के साथ जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने एनआईसी कक्ष में बैठक की। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जनपद में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 3980 परीक्षार्थी भाग लेंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु




तैनात किए गए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पुलिस आरक्षी, पीएसी, आईआरबी, अग्निशमन (पुरुष/महिला) परीक्षा की लिखित परीक्षा 18 दिसंबर (रविवार) को एकल सत्र में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता के साथ करें तथा उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं गाइडलाइन को सभी अधिकारी इसका भली-भांति अध्ययन कर लें तथा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही परीक्षा को संपादित कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि आयोजित होने वाली परीक्षा की तिथि से दो दिन पूर्व प्रधानाचार्य व केंद्र पर्यवेक्षकों की परीक्षा से संबंधित एक बैठक आहूत कर उन्हें परीक्षा की पूर्ण प्रक्रिया एवं अपेक्षित व्यवस्थाओं से भली-भांति अवगत करा दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि परीक्षा केंद्र से संबंधित स्टाफ द्वारा नो रिलेशन सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से भरवा दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल गैजेट एवं पर्स/बटुवा परीक्षा केंद्र में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## एसडीएम की नियुक्ति सहित अन्य मांगों को लेकर धरना जारी

चमोली : ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में एसडीएम, तहसीलदार, बीईओ, बीडीओ, जलसंस्थान के सक्षम अधिकारी नियुक्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर लोगों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं शहीद सैनिकों के परिजनों ने तहसील में नायब तहसीलदार में माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष पान सिंह नेगी, प्रधान बलवीर मेहरा, प्रधान लीलाधर जोशी, सभासद राजेन्द्र शाह, कुंवर रावत, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष महावीर बिष्ट, व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष मंगल रावत, पूर्व क्षेपंस हरेन्द्र कंडारी, पियुली देवी, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, पदमा देवी, प्रेम बल्लभ शर्मा, अवतार बिष्ट, दीवान राम, बागेन्द्र लाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## महिलाओं ने सीखें कैरी बैग और फाइल फोल्डर बनाने के गुर

नई टिहरी : नरेन्द्रनगर विधानसभा के नगर पंचायत गजा में भारत सरकार के लघु व्यवसाय मंत्रालय की ओर से 21 दिवसीय राष्ट्रीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। नंप अध्यक्ष ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

लघु व्यवसाय भारत सरकार के तत्वाधान में उद्योग विभाग की ओर गजा नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में 25 स्थानीय महिलाओं को 21 दिवसीय जूट के कैरी बैग तथा फाइल फोल्डर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को समापन अवसर पर महिलाओं द्वारा बनाए गए कैरी बैग और फाइल फोल्डरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। नगर पंचायत गजा की अध्यक्ष मीना खाती ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा बनाये गये कैरी बैगों और फाइल फोल्डरों की सराहना करते हुए कहा कि मेहनत और समर्पण भाव से किया गया कार्य व्यर्थ नहीं जाता है,इस तरह के कार्यों से महिला समूह की आय बढ़ेगी। भाजपा नेता राजेन्द्र खाती ने कहा कि महिलाएं खाली समय में इस तरह के कार्यों कर अपनी आजिविका का संवर्द्धन कर सकेंगी।

उद्यमिता विकास विभाग के वीरेंद्र सजवाण ने स्वरोजगार हेतु बैंक से मिलने वाले ऋण के बारे में जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने समाज सेवी दिनेश प्रसाद उनियाल, व्यापार सभा के अध्यक्ष विनोद चौहान, पूर्व सैनिक मान सिंह चौहान, सुभाष चंद्र सकलानी तथा मास्टर ट्रेनर विजय लक्ष्मी नेगी का आभार जताया। मौके पर मधु सजवाण, सीमा देवी, रीना, राखी, कांता सजवाण, सुषमा देवी, कविता देवी, मधु देवी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# नए वकीलों को मिलेगा 3 साल तक निर्धारित भत्ता

ऋषिकेश। वकालत की पढ़ाई करने के बाद कचहरी में प्रेक्टिस करने वाले नए वकील को बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड तीन साल तक निर्धारित भत्ता देगी। यही नहीं किसी भी वकील के असामयिक निधन पर आश्रितों को 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी।

गुरुवार को बार एसोसिएशन ऋषिकेश के वार्षिक चुनाव में निगरानी के लिए पहुंचे बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चेयरमैन मनमोहन लांबा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश के 21 राज्यों में बार काउंसिल भवन है, जो काउंसिल के अपने नहीं है। उत्तराखंड पहला ऐसा राज्य होगा जिसमें बार काउंसिल का भवन खुद का होगा। चेयरमैन ने बताया कि गोलापार हल्द्वानी में बार काउंसिल भवन के लिए करीब 2 करोड़ 80 लाख की भूमि खरीदी है। काउंसिल के नए भवन के निर्माण की नींव जनवरी में रखी जाएगी, इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चेयरमैन के मुताबिक नया बार काउंसिल भवन पांच मंजिला होगा, इसमें वकीलों के चेंबर से लेकर ठहरने की फाइव स्टार व्यवस्था रहेगी। बताया कि उत्तरप्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड बनने के बाद वर्ष 2004 में बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड में 5400 वकील पंजीकृत थे, इनकी संख्या वर्तमान में बढ़कर 22 हजार हो गई है। लांबा ने बताया कि अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम 1974 के तहत वकील की मृत्यु होने पर आश्रित को 15 लाख रुपये देने का प्रावधान किया गया है। 10 हजार एकमुश्त देने वाले वकील का तीन लाख का बीमा और 45 साल प्रेक्टिस करने वाले वकील को मासिक पेंशन दी जाएगी। बशर्ते वकील को अपना लाइसेंस सरेंडर करना होगा।

## जमीन खुर्द–बुर्द करने वालों पर कार्रवाई हो

देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम (प्रशासन) से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि बल्लूपुर–पांवाटा सड़क को फोरलेन बनाने के लिए अधिग्रहण की जा रही जमीन को भूमाफियों की ओर से खुर्द–बुर्द किया जा रहा है, जिससे लोगों को उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने खुर्द–बुर्द करने वाले माफिया और उनके साथ मिले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कहा कि जिन लोगों की भूमि फोरलेन की जद में आ रही है, उनको उचित मुआवजा दिया जाए। एडीएम को मिलने वालों में जिला सचिव राजेंद्र पुरोहित, अनंत आकाश, इस्लाम अली, अकरम अली, गुमान सिंह, कुंदन सिंह, सलीम अहमद आदि शामिल थे।

# आम आदमी पार्टी ने लगाया राज्य सरकार पर अपराधियों को बचाने का आरोप

### राज्य सरकार के दबाव में पुलिस कार्रवाई न करने को मजबूर, अपराधी मस्त : जोत सिंह बिष्ट

देहरादून। आम आदमी पार्टी प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला पत्रकारों को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार इतने महत्वपूर्ण मसले को देश की जनता से छुपा रही है, उसी के नक्शे कदम पर चलते हुए उत्तराखंड की सरकार भी अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी वीआईपी का नाम अब तक उजागर करने के बजाय छुपाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। एसआईटी पर दबाव बनाकर इस नाम को उजागर होने से रोके हुए है। आम आदमी पार्टी अंकिता हत्याकांड की घटना की जानकारी सार्वजनिक होने के पहले दिन से पुलिस थाने से लेकर के महामहिम राज्यपाल तक अंकिता की हत्या की जांच हाईकोर्ट के जज की देखरेख में कराने की मांग लगातार कर रही है। इसके लिए हमने धरना दिया, प्रदर्शन किये, कैंडल मार्च निकाला और हमारे अलावा अन्य राजनीतिक दलों ने, सामाजिक संगठनों ने लगातार इस मुद्दे को उजागर करने का प्रयास किया। लेकिन सरकार की कान पर जूं नहीं रेंगी। सरकार वीआईपी का नाम लगातार छुपा रही है। इस घटना में सबसे पहला दोषी वह पटवारी है जिसने 5 दिन तक अंकिता के पिता की एफआईआर दर्ज नहीं की। उसको गिरफ्तार होना चाहिए था। दूसरा दोषी वह लोग हैं जिन्होंने रातों–रात बुलडोजर ले जाकर साक्ष्यों को छुपाने के लिए अंकिता जिस कमरे में रहती थी उस कमरे को तोड़ा। इस बात को एसआईटी ने कोर्ट ने स्वीकार किया कि उनको फॉरेंसिक जांच के लिए घटनास्थल पर साक्ष्य नहीं मिले और इसकी वजह है कि साक्ष्य बुलडोजर के माध्यम से नेस्तनाबूद कर दिए गए। उन बुल्डोजर चलाने वालों को जेल में होना चाहिए था। वनान्तरा रिसोर्ट और उसके पीछे जो फैक्ट्री है जो घटना स्थल है जहां पर अंकिता के साथ अन्याय की शुरुआत हुई उस रिसोर्ट का स्वामी विनोद आर्य है। जिसको सरकार शुरू दिन से लेकर आज तक बचा रही है। उसको गिरफ्तार होना चाहिए था। उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं, वीआईपी का नाम उजागर करके उसको जेल की सलाखों के पीछे होना चाहिए था। कोई कार्यवाही नहीं हुई और अब एक नया तथ्य जो पिछले 2 दिन से सोशल मीडिया पर तैर रहा है कि यह परिवार केवल अंकिता का हत्यारा नहीं बल्कि यौन शोषण के अपराध में भी लिप्त है।

जिस ड्राइवर ने इस मामले को उजागर किया, पुलिस में उसकी सुनवाई नहीं हुई। उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश हो गए उसके बावजूद विनोद आर्य को गिरफ्तार न किया जाना, बीआईपी का नाम उजागर न करना, नार्को टेस्ट में बिलम्ब भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा अपनी पार्टी के अपराधियों को बचाने की पूरी पूरी कोशिश दिख रही है। पुलिस की जांच को भटका रही है।

उत्तराखंड की सरकार यूपी ट्रिपल एससी भर्ती घोटाले के सफेदपोश अपराधियों को बचा रही है।

## एक नजर

### पैसे कमाने की बात कह कर छात्र घर से लापता

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चाचा के घर रह कर पढ़ाई कर रहा कक्षा नौवीं का छात्र दो दिन पूर्व परिजनों को बताए बिना ही घर से कहीं चला गया। परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस किशोर की लगातार तलाश की जा रही है। कालसी के देऊ गांव निवासी 14 वर्षीय किशोर अजीतनगर में अपने चाचा सुरेंद्र सिंह के घर पर रह कर नगर के ही एक शिक्षण संस्थान से पढ़ाई कर रहा है। बीते 13 दिसंबर को वह शाम करीब सात बजे घर से निकल कर कहीं चला गया। देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने अपने स्तर से उसकी खोजबीन शुरू की। साथ ही मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी हरकत में आई। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया।

### मसूरी विन्टरलाईन कार्निवाल कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की

देहरादून। विन्टरलाईन कार्निवाल की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सोनिका द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में मसूरी विन्टरलाईन कार्निवाल आयोजन समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्था की जा रही है। मसूरी में 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2022 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सांस्कृतिक, पारम्परिक कार्यक्रमों के साथ ही 27 से 29 दिसम्बर तक फूड फेस्टिवल आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उत्तराखण्ड के पहाड़ी व्यंजन के साथ ही साहसिक खेल, मोटर बाईक रेली, कबड्डी, मैराथन आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

मसूरी विन्टरलाईन कार्यक्रम के उद्घाटन दिवस पर सांस्कृतिक झांकिया आयोजित की जाएंगी जिनमें स्थानीय पारम्परिक गीतों के साथ ही छोलिया नृत्य आयोजित होंगे तथा 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2022 तक आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखलाओं में साहसिक खेल, खेल विधाएं, संगीमय संध्या, फूड फेस्टिवल, साईकिलिंग, माउन्टेन बाईक रैली, स्टार गैजिंग, बर्ड वाचिंग, योगा, पुस्तक प्रदर्शनी, फोटो प्रदर्शनी, गोष्ठियां आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है।

# एचआरडीए ने किया चार मंजिला व्यवसायिक/कार्यालय भवन सील

हरिद्वार। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण विनय शंकर पाण्डेय के आदेशों के क्रम में हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार कई अवैध सम्पत्तियों को सील करने, अवैध निर्माण को ढहाने तथा अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी है। उसी सिलसिले में बृहस्पतिवार को भी अवैध निर्माण/कालोनी को सील करने की कार्रवाई की गयी। सचिव हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण उत्तम सिंह चौहान ने बताया कि आज विकास अग्रवाल पुत्र विनोद अग्रवाल/मैनेजर सूर्या जे0वी0जी0 कम्पनी द्वारा 45 मी0 मुख्य मार्ग ज्वालापुर सिडकुल रोड हरिद्वार में किए गए चार मंजिला



व्यवसायिक/कार्यालय भवन के निर्माण को माधवानन्द जोशी अधिशासी अभियन्ता, गोपाल कृष्ण शर्मा प्राधिकरण अधिवक्ता, क्षेत्रीय सुपरवाईजर्स मुकेश कुमार, ललित कुमार तथा प्राधिकरण की टीम के साथ पुलिस बल के उपस्थिति में सील किया गया।

## स्व.हरबंस कपूर की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

देहरादून। स्व. विधायक हरबंस कपूर की प्रथम पुण्यतिथि पर आत्माराम धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिभाग कर स्वर्गीय विधायक हरबंस कपूर को श्रद्धांजलि अर्पित की।लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का आयोजन महंत इंद्रेश अस्पताल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि दून के विभिन्न क्षेत्रों में स्व. कपूर की प्रथम पुण्यतिथि पर फल वितरण, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के भाजपा के वरिष्ठतम विधायकों में से एक रहे हरबंस कपूर ने अनेक संघर्षों से पार्टी संगठन को खड़ा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# चोरी के मामले में वांछित महिला गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली पुलिस ने घर में चोरी के मामले में वांछित चल रही 15 हजार की ईनामी महिला को सहारनपुर के बेहट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित महिला को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बीते 29 जून को लेहमन रोड निवासी बलजीत सिंह पुत्र अपार सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि चोरों के द्वारा उसके घर से नगदी और ज्वेलरी चोरी कर ली गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। 18 जुलाई को पुलिस ने मुख्य आरोपी नासिर पुत्र कमरूद्दीन निवासी बेहट सहारनपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी की पत्नी सितारा चोरी की वारदात के बाद से



ही फरार चल रही थी। पुलिस के द्वारा सितारा की गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबिश दी जा रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 15 हजार रूपये का ईनाम भी रखा था। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर आरोपित महिला सितारा को बेहट सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपी महिला को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया। बताया कि आरोपी महिला के पति नासिर ने बलजीत के घर चोरी की घटना को अंजाम देने के वाद अपनी पत्नी सितारा के बैंक खाते में चोरी की गई घनराशि भिजवाई थी। साथ ही ज्वेलरी को बेच कर प्राप्त धनराशि को भी सितारा के बैंक खाते में भिजवाया था।

# राज्यपाल ने किया शार्प मेमोरियल ब्लाइंड स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीरवार को शार्प मेमोरियल ब्लाइंड स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि स्कूल द्वारा दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने को जो बीड़ा उठाया है वह बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों की निःस्वार्थ भाव से सहयोग किया जाना अपने आप में बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इन बच्चों की प्रतिभा अपने आप में अलग है। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से सभी बच्चे आने वाले समय में एक नया मुकाम हासिल करेंगे। उन्होंने कहा





कि दिव्यांग बच्चों को हम सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्हें अपनी ओर से हरसंभव सहयोग और उनके लिए कुछ न कुछ अवश्य किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे आज खेलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा हासिल की गयी उपलब्धियों के लिए विद्यालय की सराहना की। राज्यपाल ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके बेहतरीन भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं संचालकों को बच्चों की प्रतिभा निखारने विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के जीवन में रोशनी फैलाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में स्कूल की चेयरमैन मधु सिंह सहित अन्य अध्यापक गण और स्कूल के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज भारत के पहले गृहमंत्री और उप–प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये कहा कि उन्होंने अपनी दूरदृष्टि और मजबूत इरादों से भारत को एकजुट करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक शान्ति, सह–अस्तित्व और सहिष्णुता की स्थापना के लिये वैश्विक एकजुटता अत्यंत आवश्यक है और अपने आर्थिक हितों से उपर उठकर ही



शांतिपूर्वक सह–अस्तित्व की स्थापना की जा सकती है। वर्तमान समय में न केवल भारत बल्कि वैश्विक स्तर पर भी असुरक्षा की जड़ें गहरी होती जा रही है, ऐसे में अनेक प्रकार के संघर्ष उत्पन्न होते है इसलिये एकजुटता का मंत्र नितांत आवश्यक है।

सरदार पटेल में स्वतंत्र भारत का स्वागत पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण को एकजुट करके किया था, जगद्गुरू शंकराचार्य जी ने भी भारतीयों को एकजुट करने के लिये चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की और भारतीय संस्कृति तो वसुधैव कुटुम्बकम् की संस्कृति है। वर्तमान समय में जरूरत है इन दिव्य मंत्रों को आत्मसात करने की और युवा पीढ़ी को इन संदेशों से पोषित करने की तभी एकजुटता को समाज में स्थापित किया जा सकता है।

## भाजपाईयों ने दी पुण्यतिथि पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि

देहरादून। अम्बेडकर नगर मंडल के अध्यक्ष विशाल गुप्ता के नेतृत्व में आधुनिक भारत के शिल्पकार भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घंटाघर स्थित पटेल पार्क में पुष्पांजली कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि मेयर सुनील उनियाल गामा, राजपुर रोड विधायक खजान दास, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि सही अर्थों ने पटेल के सपने को साकार करने का काम 75 वर्षों में केवल प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी ने किया।

# कांग्रेसियों ने दी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि

देहरादून। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। घंटाघर स्थित पटेल पार्क पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में सरदार पटेल की भूमिका इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। आजाद भारत में तमाम रियासतों और प्रांतों को विलय करने एवं भारत को मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में उनकी अहम भूमि रही। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शुमार थे। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश के गृह मंत्री की जिम्मेदारी जब सरदार पटेल को सौंपी तो उन्होंने साबित कर दिखाया कि वह कितने काबिल हैं। इस दौरान अशोक कोहली, नागेश रतूड़ी, सोमप्रकाश वाल्मीकि, अर्जुन सोनकर, अमीचंद सोनकर, राहुल शर्मा, दिनेश गुप्ता, शिव कुमार, अजय बेलवाल, आशीष रतूड़ी, बिट्टू चौधरी आदि शामिल रहे।

# रेहड़ी-ठेली से यात्री परेशान, गोखले मार्ग तक ही सिमटा पुलिस का अभियान

◆कोटद्वार के रोडवेज बस अड्डे के आसपास सड़क पर फैली है अव्यवस्थाएं ◆बीच सड़क पर खड़ी-रेहड़ी ठेलियों के कारण यात्रियों का पैदल चलना भी मुश्किल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** भले ही पुलिस व प्रशासन ने गोखले मार्ग को रेहड़ी–ठेलियों के अतिक्रमण से मुक्त करवा दिया हो। लेकिन, शहर की अन्य सड़कों पर अब भी रेहड़ी–ठेलियों का कब्जा बना हुआ है। हालत यह है कि सड़कों पर बेतरतीब तरीके से घूम रही रेहड़ी–ठेलियों के कारण यातायात व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है। सबसे बुरी स्थिति रोडवेज बस अड्डे पर बनी हुई है। सड़क पर खड़ी रेहड़ी–ठेलियों को कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कुछ माह पूर्व पुलिस व प्रशासन ने गोखले मार्ग को पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए वन–वे बनाया था। इसके तहत सबसे पहले मार्ग पर अतिक्रमण करने वाली रेहड़ी–ठेलियों को हटाया गया था।

मार्ग पर अतिक्रमण न फैले इसके लिए बकायदा पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया। सरकारी सिस्टम की सख्ती के बाद गोखले मार्ग तो साफ हो गया। लेकिन, हटाई गई रेहड़ी–ठेलियों ने शहर की अन्य सड़कों पर कब्जा करना शुरू कर दिया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही विभिन्न सड़कों पर बेतरतीब तरीके से घूमती हुई रेहड़ी–ठेली आसानी से देखी जा सकती है। स्टेशन रोड व बस अड्डे में खड़ी रेहड़ी–ठेली व्यवस्थाओं को बेपटरी कर रही है।

बीच सड़क पर खड़ी रेहड़ी–ठेली के कारण यात्रियों के साथ ही बस चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बसों को निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग नहीं मिल पता। जिसके कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

> शहर में यातायात व्यवस्था को सुधाने के प्रयास किए जा रहे हैं। रेहड़ी–ठेलियों के लिए नजीबाबाद रोड स्थित गाड़ीपड़ाव में व्यवस्था बनाई गई है। सड़क पर बेतरतीब घूमने वाली रेहड़ी–ठेलियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **...शिव कुमार, यातायात निरीक्षक, कोटद्वार**

### सड़क पर सजी है दुकानें

स्टेशन रोड व बस अड्डे में व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों को सड़क पर सजाया हुआ है। यात्रियों को सड़क किनारे पैदल चलने का रास्ता तक नहीं मिल पाता। जिससे उन्हें बीच सड़क से होते हुए आवाजाही करनी पड़ती है। इसके कारण हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। जबकि, शहरवासी निगम व प्रशासन से कई बार व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग उठा चुके हैं। लेकिन, सरकारी सिस्टम अब भी लापरवाह बना हुआ है।



कोटद्वार के स्टेशन रोड में बेतरतीब तरीके से सड़क पर लगी रेहड़ी—ठेली

## बदहाल स्थिति में पड़े हैं शहर के सार्वजनिक शौचालय

जयन्त प्रतिनिधि ।

**कोटद्वारः** शहर में शौचालयों की व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर शहरवासियों ने नगर निगम को ज्ञापन दिया। बताया कि बदहाल शौचालयों के कारण आमजन ने इनका उपयोग करना भी बंद कर दिया है। पूर्व में शिकायत के बाद भी नगर निगम व्यवस्थाओं को सुधारने पर ध्यान नहीं दे रहा।

सदस्यों ने नगर निगम को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि नगर निगम बनने के बाद शहरवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम शौचालयों की व्यवस्था भी नहीं सुधार पा रहा है। हालत यह है कि शहर के अधिकांश शौचालय बदहाल स्थिति में पड़े हुए हैं। सफाई–सफाई नहीं होने से चारों ओर दुर्गंध फैली रहती है।

शौचालयों के आसपास अपने प्रतिष्ठानों में बैठने वाले व्यापारियों को हर समय संक्रामक बीमारियों का खतरा सताता है। कहा कि सप्ताह में दो दिन शहर में शौचालयों की सफाई करवाई जानी चाहिए। इस मौके पर सुधीर कुमार, मनोज नेगी, पुष्कर सिंह आदि मौजूद रहे।

## महारैली को सफल बनाने की तैयारियां तेज

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा द्वारा कर्णप्रयाग में होने वाली महारैली को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। मोर्चा के पदाधिकारी इन दिनों महारैली को सफल बनाने को लेकर कर्मचारियों के साथ बैठक कर रहे है। गुरुवार को प्रांतीय महासचिव सीताराम पोखरियाल की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मिनिस्ट्रियल कार्मिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखंड में पुरानी पेंशन बहाल किए जाने विषय को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान 18 दिसंबर को कर्णप्रयाग में आयोजित महारैली में जनपद पौड़ी की ओर से शत प्रतिशत भागीदारी किए जाने के लिए आह्वान किया गया। बैठक में फेडरेशन के जनपद अध्यक्ष रेवती नंदन डंगवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र रावत, कुलदीप रावत, प्रमोद बोरा, विनय थपलियाल, अनिल थपलियाल, अंकित भट्ट, विकास रावत, संदीप, राकेश भंडारी आदि शामिल रहे। संचालन फेडरेशन के सचिव संजय नेगी द्वारा किया गया।

# बीएड के विद्यार्थियों ने बनाए पहाड़ी पकवान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के बीएड विभाग में ने विद्यार्थियों ने पहाड़ी पकवान बनाए। इस दौरान विद्यार्थियों ने पहाड़ी परिधान भी पहने हुए थे।

मुख्य आतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने विभाग की इस गतिविधि की सराहना की तथा उत्तराखंड की संस्कृति के उत्थान के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सात समूहों में विभाजित किया गया। डा. स्वाति नेगी व डा. सरिता चौहान ने प्रतियोगिता के निर्णायक के रुप में अपनी भूमिका दी। सभी समूहों के प्रतियोगियों ने क्रमानुसार अपने-अपने व्यंजनों को सभी प्राध्यापकों को प्रस्तुत किए। जिसमें झंगोरे की खीर, मंडुए के लड्डू, सुंदरकला, गहथ की रोटी , स्वाले–अरसे, पकौडी, और मंडुए के मोमो, केक आदि व्यंजन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. अमित कुमार जयसवाल ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न व्यंजनों की विधि पूछी तथा सभी का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के इसी क्रम में कुल 50 अंको में से 43 अंक प्राप्त कर सरोला समूह ने प्रथम, भागीरथी तथा बारामासा समूह ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापक डा. सुशील चन्द्र बहुगुणा, डा. हितेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में पहाड़ी व्यजनों का स्वाद देते शिक्षक व अन्य

## शिक्षकों की नियुक्ति पर लगी रोक हटाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने राज्य के अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति पर लगी रोक को हटाने व उत्तर प्रदेश की तर्ज पर अधिकतम आयु सीमा समाप्त करने की मांग की है। मालवीय उद्यान में आयोजित युवा संघ की बैठक में प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि वर्तमान में अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगी हुई है, जिस कारण प्रशिक्षितों में रोष व्याप्त है। कहा कि इन विद्यालयों में नियुक्तियां भी चयन परीक्षा के माध्यम से की जानी चाहिए। चयन परीक्षा का जिम्मा अधीनस्थ सेवा चयन आयोग या लोक सेवा आयोग को दिया जाना चाहिए। परीक्षा के माध्यम से इन नियुक्तियों में हो रहे भ्रष्टाचार व भाई भतीजावाद पर रोक लगेगी। इन नियुक्तियों में पूर्व व उत्तर प्रदेश की भांति अधिकतम आयु सीमा को समाप्त किया जाना चाहिए, जिससे सभी प्रशिक्षित बेरोजगारों को अवसर प्राप्त हो सके। बैठक में डा. अजय खंतवाल, प्रदीप सिंह, रविकांत डुकलान, शैलेंद्र रावत, सुशील कुमार, दीपक डोबरियाल, नवीन गौड़, स्वाति कंडवाल, नीरज खत्री और सुनंदा नेगी आदि थे।

# चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेया रावत रही अव्वल

## ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित की गई प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वारः** ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा श्रेया रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

बीआरसी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड दुगड्डा के विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के सहयोग से शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिताएं सीनियर और जूनियर दो वर्गों में आयोजित की गई। उप शिक्षा अधिकारी दुगड्डा के प्रतिनिधि सूरत सिंह पंवार, प्रभारी बीआरसी समन्वयक अजय नौडियाल, उमेश कुमार वर्मा, सुधीर अग्रवाल ने विजेता छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उरेड़ा के माध्यम से एलईडी बल्ब देकर पुरस्कृत किया। सीनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार की छात्रा श्रेया रावत ने प्रथम, शामली टम्टा ने द्वितीय एवं जेपी इंटर कॉलेज कोटद्वार की छात्रा सरोजिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग की निबंध लेखन प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार की शामली टम्टा में प्रथम, अभय रावत ने द्वितीय और जेपी इंटर कॉलेज कोटद्वार की कुमारी बबली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में राजकीय जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर की छात्रा सुहाना बानो ने प्रथम, बाल विकास शिक्षा निकेतन कोटद्वार की अफजीना बानो ने द्वितीय और इसी विद्यालय की आफिया प्रवीण में तृतीय स्थान हासिल किया। इसी वर्ग की निबंध लेखन प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार की छात्रा अनन्या सैनी ने प्रथम, बाल विकास शिक्षा निकेतन कोटद्वार की छात्रा कुमारी आशिया प्रवीण ने द्वितीय एवं राजकीय जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर की छात्रा आकांक्षा डबराल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिताओं में सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। जिसमें अंशिका थापा, श्रेया रावत, आदित्य बछवान व सुहाना बानो को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षक इंदू गौड़, विपिन कुमार, विवेक कुकरेती, अरुण कुकरेती, पार्थ कुमार, जाहिद अहमद उपस्थित थे।



प्रतियोगिता बीआरसी में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

# आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने खाया विषाक्त

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** लकड़ीपड़ाव निवासी एक युवक ने आर्थिक तंगी के चलते विषाक्त का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

बुधवार रात लकड़ीपड़ाव निवासी युवक उसके स्वजनों को कमरे में बेहोशी की हालत में मिला। जिसके बाद स्वजन उसे निजी वाहन से उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार लेकर पहुंचे। लेकिन, कुछ देर बाद ही युवक ने दम तोड़ दिया। स्वजनों ने बताया कि युवक क्षेत्र में मेहनत मजदूरी का काम करता था। यही नहीं कुछ दिन पूर्व उसने पैसे उधार लेकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी खरीदी थी।

लेकिन, काम नहीं मिलने के बाद वह घर पर ही था। युवक अपने कई दोस्तों से भी आर्थिक तंगी की बात बता चुका था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

# सीडीएस जनरल बिपिन रावत के गांव सैंण आएंगे महाराष्ट्र के काबीना मंत्री

## सैंण गांव के विकास पर लिखी पुस्तक ‘किरणकुंज’ का किया गया विमाचोन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** महाराष्ट्र के काबीना मंत्री दीपक केसरकर जल्द ही प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत के पैतृक गांव सैंणा पहुंचेगे। इस दौरान उन्होंने सीडीएस बिपिन रावत गांव के परिचय व वहां हो रहे विकास कार्यों पर लिखी पुस्तक ‘किरणकुंज’ का भी विमोचन किया। उन्होंने स्वयं भी सैंणा गांव में अपने स्तर से विकास कार्यों में योगदान देने की बात कही।

डा.हरिवंशराय बच्चन प्रबोधन की ओर से महाराष्ट्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के काबीना मंत्री दीपक केसरकर ने प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत व उनकी पत्नी मधुलिका रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि देश की रक्षा के लिए दिए गए जनरल बिपिन रावत के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि वह जल्द ही उत्तराखंड के द्वारीखाल में स्थित जनरल बिपिन रावत के सैंणा गांव जाएंगे। वह गांव के बेहतर विकास के लिए बनाई जा रही योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए अपना पूरा योगदान देंगे। डा.हरिवंशराय बच्चन प्रबोधन प्रतिष्ठान के संस्थापक निवृत्ति यादव ने बताया कि जनरल बिपिन रावत का अपने गांव से काफी लगाव था। उन्हीं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिष्ठान गांव में विकास कार्यो को आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में जनरल बिपिन रावत के भाई देवेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे। इस दौरान पचास से अधिक लोगों ने रक्तदान भी किया। इस मौके पर काबीना मंत्री महाराष्ट्र उदय सामंत, पूर्व सांसद ब्रिगेडियर सुधीर सावंत, फिरोज मासुलदार, श्री प्रसाद लाड, बालाजी किणीकर, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।



सैंण गांव के विकास पर लिखी पुस्तक ‘किरणकुंज’ का भी विमोचन करते महाराष्ट्र के काबीना मंत्री व अन्य।

## उपनल महासंघ चुनाव 18 को

श्रीनगर गढ़वाल : उपनल महासंघ की पौड़ी जिला कार्यकारिणी का चुनाव जिला पंचायत सभागार में 18 दिसंबर को होगा। उपनल महासंघ के संगठन मंत्री व पेयजल इकाई के प्रदेश अध्यक्ष महेश चंद्र ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उपनल महासंघ की समस्त जिला कार्यकारिणी में बदलाव करते हुए महासंघ की मजबूती हेतु नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है। इसी क्रम में 18 दिसम्बर को पौड़ी जिला की कार्यकारिणी का भी गठन किया जाना है। जिसमें प्रदेश महासंघ के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी शामिल होंगे। उन्होंने पौड़ी जिले के सभी विभागों में कार्यरत उपनल कर्मियों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया है। (एजेंसी)

# आम बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारी, ग्रामीणों ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** ग्राम पंचायत जमणधार की आम बैठक में पंचायत अधिकारियों मनरेगा के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि बैठक में अधिकारी के न पहुंचने से ग्रामीणों को कैसे योजनाओं का लाभ मिलेगा यह बड़ा सवाल है। इस दौरान बैठक में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई।

ग्राम प्रधान दीपा पर्णवाल की अध्यक्षता में पंचायत घर में आयोजित बैठक में गांव में बढ़ते पलायन को रोकने, बेरोजगारी दूर करने के लिए कृषि, बागवानी पर जोर देने, बंजर हो रहे खेतों को आबाद करने, जंगली जानवरों से खेती–बाड़ी की सुरक्षा आदि विषयों पर चर्चा की गई। ग्राम प्रधान दीपा ने स्वजल की ओर से ग्राम सभा में शौचालय निर्माण के लिए परिवारों को देय 12 हजार धनराशि की दूसरी किश्त का छह हजार रुपये का भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत छछड़िया रौला स्रोत से ग्राम जमणधार के लिए घर घर नल पेयजल योजना का कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की। ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश चौधरी ने कहा कि इस संबंध में जांच करवाई जाएगी और भुगतान किया जाएगा। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र (टीकाकरण सेंटर), बरात घर, जड़ाऊखांद–जमणधार–मजेड़ाबैंड मार्ग का चौड़ीकरण, डामरीकरण करने, जीआईसी कोचियार जाने वाले पैदल मार्ग पर देवलगढ़ नदी पर शीघ्र पुलिया निर्माण करने की मांग उठाई। बैठक में टीकाराम सकलानी, पृथ्वीपाल, नरेंद्र, सुनील नेगी, विनोद नेगी, नरेंद्र सिंह, जसवंत, धनीराम, आनंद लाल, उज्वल दास, दर्शनी नेगी, सरोजनी देवी, गुड्डी देवी, महेश्वरी देवी, भरोसी देवी और रेखा देवी आदि मौजूद रहे।

## प्रवक्ता पद पर पदोन्नति न होने से एलटी शिक्षक निराश

**श्रीनगर गढ़वाल** : राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय प्रवक्ता चंद्रमोहन सिंह रावत एवं पूर्व मंडलीय मंत्री शिव सिंह नेगी ने एलटी शिक्षकों के प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पदोन्नति न होने से शिक्षक निराश हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तदर्थ पदोन्नति प्रक्रिया गतिमान है। संबंधित शिक्षकों को तदर्थ पदोन्नती दी जाए। कहा चयन वेतनमान पर एक वेतनवृद्धि प्रदान किए जाने विषयक उच्च न्यायालय के द्वारा स्थगन आदेश पारित किए हैं आदेश के क्रम में प्रश्नगत प्रकरण पर वसूली आदेश निरस्त करते हुए समाधान किया जाए। उन्होंने अंतरमंडलीय स्थानांतरण की कार्यवाही किए जाने की मांग भी रखी। (एजेंसी)

# अवैध स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जनपद पौड़ी की श्रीनगर पुलिस ने 4.45 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड़ने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते है। नशा शरीर के लिए जहां खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे के निर्देशन में जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिले की पुलिस लगातार नशा तस्करों पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन इसके बावजूद भी नशे की तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार देर सांय श्रीनगर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान आयकर भवन पौड़ी रोड श्रीनगर के पास से तेजप्रकाश पुत्र स्व. लीलानन्द थपलियाल निवासी डांग, थाना श्रीनगर, जनपद पौड़ी गढ़वाल को 4.45 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। एसएसपी ने कहा कि जिला पुलिस अभियान के माध्यम से नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है, मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। टीम में उपनिरीक्षक वेदप्रकाश, कांस्टेबल सुंदर सिंह, कमल रावत शामिल थे।

# नाली निर्माण नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन



रुद्रपुर : नाली निर्माण और पानी निकासी न होने से वार्डवासी भड़क गए हैं। आक्रोशित वार्डवासियों ने तहसील में प्रदर्शन कर हंगामा काटा। साथ ही एसडीएम रविंद्र बिष्ट को ज्ञापन देकर समस्या के तत्काल निस्तारण की मांग की। इस दौरान उन्होंने शीघ्र मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। गुरुवार को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बॉबी राठौर के नेतृत्व में वार्ड के लोग तहसील मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन दिया। कहा कि वार्ड में लंबे समय से पानी निकासी की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते गंदा पानी सड़क पर जमा रहता है, जो घरों में घुस रहा है। बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। साथ ही लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि समस्या के निस्तारण के लिए एक वर्ष से अधिक समय से मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नाली की सफाई नहीं होने से नाली निर्माण भी शुरू नहीं हो सका है। इस पर एसडीएम बिष्ट ने नगर पालिका ईओ गुरुमीत सिंह को तत्काल नाली की साफ-सफाई और निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। यहां सोबन सिंह, मान सिंह, कमला बोहरा, गीता पंत, नीतू अधिकारी, पूजा चौसाली, प्रतिभा बिष्ट, पुष्पा देवी, प्रेमा, गंगा चंद मीनाक्षी, पार्वती देवी रहीं। (एजेंसी)

## कार दुर्घटना में दो युवक घायल

पिथौरागढ़ : मुनस्यारी-दरांती मार्ग में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार दो लोग घायल हुए हैं।

लोद समकोट निवासी कमलेश कुमार (24) पुत्र हीरा राम और मुकेश कुमार (17) पुत्र बलवंत कार संख्या यूके05टीए 3710 से दराती से मुनस्यारी की तरफ आ रहे थे। सेलापानी के समीप पहुंचने पर चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और वाहन खाई की तरफ गिर गया, गनीमत रही कि कार एक पेड़ से टकराकर अटक गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर घायल दोनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां डॉ. गर्वित कुमार ने बताया कि मुकेश की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर किया है।



# भाजपाईयों ने मरीजों को बांटे फल

अल्मोड़ा : कैबिनेट मंत्री व सोमेश्वर विधायक रेखा आर्या का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने रेखा आर्या की दीर्घायु और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नगर के गोविंद सिंह माहर राजकीय चिकित्साल में मरीजों फल और जूस का वितरण किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कन्नू साह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भर्ती मरीजों को फल आदि वितरित किया। इस मौके पर साहिल बेलवाल, हरीश अधिकारी, कपिल कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सरकारी ठेकों पर अनियमितता के आरोप निकले बेबुनियाद

अल्मोड़ा : प्रमुख शराब कारोबारी कृपाल सिंह रावत ने कहा कि नवंबर में स्याल्दे क्षेत्र के सरकारी ठेकों पर अनियमितता के लगाए गए आरोप बेबुनियाद निकले हैं। रावत के मुताबिक आबकारी और प्रशासन की जांच में भी इस बात की पुष्टि हो गई है। बताया कि उनकी छवि खराब करने के लिए इस प्रकार के आरोप लगाए थे। रावत ने कहा कि वह 2012 से क्षेत्र में शराब कारोबार से जुड़े हैं। बताया कि सल्ट, स्याल्दे, देघाट क्षेत्र में उनके तमाम सरकारी ठेके हैं। कहा कि अब तक उनके सरकारी ठेकों पर ओवर रेटिंग की शिकायत नहीं आई थी। बताया कि वह सरकार से लाइसेंस लेकर क्षेत्र में शराब का कारोबार कर रहे हैं। सरकार को सालाना करोड़ों का राजस्व चुका रहे हैं। बीते नवंबर माह में स्याल्दे क्षेत्र में सरकारी ठेकों पर ओवर रेटिंग और तस्करी जैसे गंभीर आरोप लगाकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया था। प्रशासन से उनके ठेकों की झूठी शिकायत की गई थी। रावत के मुताबिक आबकारी और प्रशासन की टीम ने उन आरोपों की जांच पूरी कर ली है। रावत के मुताबिक जांच में सिद्ध हो गया है कि उनपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। (एजेंसी)

## महिलाओं को बताएं धोखाधड़ी से बचने के उपाय

अल्मोड़ा : बग्वालीपोखर स्थित उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की ओर से ग्राहकों के लिए वित्तीय जागरूकता अभियान चलाते हुए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में महिलाओं व ग्राहकों को नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी बैंक की चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी। प्रबंधक विवेक गुप्ता ने ग्राहकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन आदि योजनाओं की जानकारी दी। टीम ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से महिलाओं को बैंक संबधी जालसाजी, धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए। इस दौरान बैंक के सुधीर उप्रेती, शिवम मिश्र, दीपक कुमार आदि प्रतिनिधि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मजदूरी मांगने पर किशोर के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : मजदूरी मांगने पर किशोर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। किशोर की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। गुरुवार को लक्ष्मी देवी निवासी वार्ड आठ आंबेडकर ने पुलिस को तहरीर दी।

उन्होंने कहा है सात दिसंबर को उनका 14 वर्षीय बेटा सूरज के पास 400 रुपये मजदूरी मांगने गया था। सूरज ने गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। जब उसका बेटा अपनी जान बचाकर भागकर दुकान पर आया तो सूरज, उसका भाई धीरज, कपिल, अनुज और भगवत उनकी दुकान लक्ष्मी ड्राइक्लीनर्स में आ गये और मारपीट करते हुए दुकान का सारा सामान फेंक दिया। जब उसका बेटा दुकान से भागकर घर आया तो घर में पहुंचकर गाली-गलौच करने लगे। खिड़की को ईंटों से तोड़कर ईंट और बेल्ट से अंदर मारने लगे। इसमें उनका बेटा घायल हो गया। लक्ष्मी देवी के अनुसार पास के घर में लगे सीसीटीवी में भी घटना कैद हुई है। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल के अनुसार पुलिस ने महिला की तहरीर पर सूरज, धीरज, कपिल, अनुज, भगवत के खिलाफ धारा 147, 323, 427, 504, 506 और एससी, एसटी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। (एजेंसी)

# खाद्य विभाग ने मिठाइयों के सैंपल लिए



रुद्रपुर : नगर की एक दुकान पर खराब मिठाई बेचने का आरोप लगाते हुए उपभोक्ता ने अफसरों से शिकायत की है। शिकायत पर वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक ने मिठाइयों के सैंपल लिए हैं। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित एक स्वीट हाउस से खरीदी मिठाई खाने से उपभोक्ता व उसके तीन बच्चे बीमार पड़ गए थे। मंगलवार को एक बैंक कर्मी ने भी मिठाई खरीदी। मिठाई खाने पर बैंक कर्मी की तबीयत भी बिगड़ने लगी। इसकी शिकायत वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक अपर्णा शाह से की गयी। बुधवार देर शाम पहुंची वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक ने मिल्क केक एवं गुलाब जामुन के सैंपल लिए और उन्हें सील बंद कर जांच के लिए रुद्रपुर स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल ने कहा कि खराब हुई मिठाई बेचे जाने की पहले भी कई बार शिकायतें आई हैं। दुकानदार को आगाह भी किया गया। लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों से व्यापार मंडल का कोई सरोकार नहीं है। इधर, वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक शाह ने बताया कि सितारगंज में भी मिठाई की दुकान है। पूर्व में वहां पर भी छापेमारी की गई थी। दो मिठाइयों की जांच में कमी मिली थी। विभाग ने जुर्माने की कार्रवाई की थी। सैंपल की रिपोर्ट के आधार पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। (एजेंसी)

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक कर्मी ने दिया ईमानदारी का परिचय

पिथौरागढ़ : पीएनबी लॉकर में से बाहर गिरे स्वर्ण आभूषण को कर्मियों ने वापस कर ईमानदारी का परिचय दिया है। बुधवार को एक महिला ऊषा ह्यांकी पीएनबी लॉकर में स्वर्ण आभूषण रखने पहुंची पर सोने के कंगन बाहर ही भूल गई। बैंक कर्मी राजेंद्र सिंह धामी को सूचना मिलने पर महिला को फोन कर सूचना दी और जानकारी ली। महिला ने स्वर्ण आभूषण मिलने पर बैंक कर्मियों का आभार जताया। (एजेंसी)

### घर बैठे दर्ज कराएं शिकायत

पिथौरागढ़ : डिजीटल युग में अब आम नागरिकों को अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए पुलिस कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने होंगे। उत्तराखंड पुलिस एप के माध्यम से अब घर पर बैठे ही लोग एक क्लिक में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। गुरुवार को एसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि एप के माध्यम से लोग किसी भी प्रकार की सामग्री, अभिलेखों की गुमशुदगी, वाहन चोरी के मामलों में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। (एजेंसी)

### बैंक खातों की जानकारी साझा न करें

पिथौरागढ़ : नगर के एलडब्ल्यूएस भाटकोट में जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। गुरुवार को पीएलवी निर्मला पांडे विद्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराध से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कुछ जालसाज स्वयं को बैंक अधिकारी, एलआईसी कर्मचारी बताकर लोगों की खातों की जानकारी जुटाते हैं और उनके खातों में सेंध लगा रहे हैं। कहा जागरूकता से ही धोखाधड़ी से बचाव संभव है। उन्होंने अपने बैंक खातों की जानकारी, ओटीपी किसी से भी साझा नहीं करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने छात्राओं को नशा मुक्ति, घरेलू हिंसा के बारे में भी बताया। (एजेंसी)

### शॉर्टकट से हासिल सफलता कुछ ही समय के लिए होती है: गुंज्याल

विकासनगर। आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज में विद्यालय के पूर्व छात्र आईपीएस संजय गुंज्याल ने छात्र–छात्राओं को सफलता हासिल करने के गुर बताए। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। इसके लिए निरंतर मेहनत करनी पड़ती है। गुरुवार को आईपीएस गुंज्याल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शॉर्टकट अपनाने वालों को सफलता हासिल नहीं होती है। कुछ लोगों को लगता है कि बिना मेहनत किए सफलता हासिल हो सकती है। लेकिन शॉर्टकट से हासिल सफलता भी कुछ ही समय के लिए होती है। कई बार शॉर्टकट अपनाने से व्यक्ति को गंभीर परिणाम भोगने पड़ते हैं। व्यक्ति को अपनी मेहनत पर भरोसा करना चाहिए। इससे सफलता अवश्य मिलती है। बिना मेहनत किए या पसीना बहाए सफलता नहीं मिलती है। सफलता उसी को मिलती है जो अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दिन रात कड़ी मेहनत करता है और कभी हार नहीं मानता है। यह उस व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किस हद तक अपनी शक्ति को लगा रहा है और मेहनत कर रहा है। बताया कि जो व्यक्ति लक्ष्य को हासिल करने के लिए आसान रास्ते चुनते हैं, वो अपनी सफलता के रास्ते को और कठिन बना देते हैं। उन्होंने छात्र–छात्राओं को कड़ी मेहनत करते हुए अनुशासित और ईमानदारी के रास्ते पर चलने की सलाह दी। इस दौरान प्रधानाचार्य अनिल नेगी, संजीव कालूरा, ईसम सिंह, एससी मिश्रा, नरेंद्र सिंह, नीरज वर्मा, हिमांशु वर्मा, कनुप्रिया राठौर, प्रीति जैन, मनीषा शर्मा, पीतांबर सिंह तोमर, अनीता नेगी आदि मौजूद रहे।

### सर्वे के आधार पर तय होगा ओबीसी का आरक्षण: वर्मा

विकासनगर। ओबीसी आयोग के अध्यक्ष बीएस वर्मा ने कहा कि सर्वे के आधार पर तय होगा कि जनसंख्या के अनुपात में इस वर्ग को कितना आरक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग राजनैतिक दृष्टि से भी पिछड़ा हुआ है। गुरुवार को निकाय और पंचायत चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण तय करने के तहत अन्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष बीएस वर्मा ने जन प्रतिनिधियों और अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना में लगे कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान कई लोगों ने अध्यक्ष के सामने अपनी समस्याएं भी रखीं। ओबीसी आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर राजनीति में अन्य पिछड़ा वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए सर्वे किया जा रहा है।

# छः माह बाद भी नहीं हुआ भुगतान



अल्मोड़ा : मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत स्थापित सोलर प्लांट से छः माह बीते जाने के बाद भी संचालक ने बिजली विक्रय का भुगतान नहीं करने आरोप लगाया है। जल्द से जल्द एकमुस्त अवशेष भुगतान की मांग की है। धौलादेवी के बारकुना निवासी गोकुल चंद्र पांडे ने बताया कि अगस्त 2020 में मुख्यमंत्री सोलर प्लांट के लिए आवेदन किया। जिसके एक साल बाद 2021 में प्लांट को स्वीकृति मिली। प्लांट का कार्य मई 2022 में शुरू किया गया। कहा कि प्लांट बैंक ऋण व रिश्तेदारों से उधार लेकर पैसा बनाया। अगस्त 2022 से प्लांट तैयार होकर बिजली सप्लाई शुरू हुई।

उन्होंने बताया कि समझौते के तहत प्लांट शुरू होने के माह से हर महीने उत्तराखंड पावर कॉपरेशन लिमिटेड ने विक्र्य मूल्य देना तय किया था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा अब छह माह बीतने को है, लेकिन निगम की ओर से उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे अब बैंक किस्त चुकानी मुश्किल पड़ रही है। उन्होंने एग्रीमेंट के तहत भविष्य हर माह बिजली विक्रय की धनराशी भुगतान करने की मांग की है। (एजेंसी)

## चाकू के साथ युवक को पकड़ा

रुद्रपुर : पुलिस ने चाकू समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शक्तिफार्म चौकी इंचार्ज जगदीश तिवारी के अनुसार, गुरुग्राम को जाने वाली सड़क पर तिराहे के पास एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। तलाशी में उसके पास चाकू बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम उज्जवल दास निवासी टैगोर नगर बताया। बताया कि वह नशे की लत पूरी करने के लिए मोबाइल चोरी करता है। एक दिन पूर्व वह मोबाइल की दुकान में चोरी के लिए गया था। लोगों के आने के कारण वह छत के रास्ते कूदकर भाग गया था। इसमें वह चोटिल भी हो गया।

# छात्राओं को जीवन कौशल शिक्षा के बारे में बताया

अल्मोड़ा : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज द्वाराहाट में लाइफ स्किल एजुकेशन बेस्ड ऑन क्रिटिकल थिंकिंग एंड प्रॉब्लम सॉल्विंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. नीलम सैनी ने छात्राओं को एनईपी एवं जीवन–कौशल शिक्षा के विषय में बताया गया।

प्रवक्ता माया मेहरा ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक एवं सामाजिक परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी। इतिहास की प्रवक्ता लता अधिकारी ने विवेचनात्मक सोच एवं समस्या समाधान के विषय में छात्राओं को विस्तार से बताया। समस्या समाधान के लिए छात्राओं को एक एक्टिविटी कराई गयी। जिसमें कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने जीवन-कौशल व समस्या समाधान पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ नीलम सैनी और लता अधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। यहां भगवती पाठक, सुनीता त्रिपाठी, देवकी जोशी, डॉ. मंजू, रेनू जोशी, मीना मेहरा, अनीता कोठारी, प्रेमा जोशी और दीपांशु रौतेला मौजूद रहे। (एजेंसी)

# रेल किराए में वरिष्ठजनों को छूट नहीं दी तो आंदोलन

ऋषिकेश। देवभूमि वरिष्ठ जनकल्याण समिति ने रेल मंत्री के वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट देना संभव नहीं वाले बयान पर आपत्ति जतायी है। चेताया कि जल्द पूर्व की तरह बुजुर्गों को रेल किराए में रियायत नहीं दी तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

गुरुवार को जारी एक बयान में देवभूमि वरिष्ठ जन कल्याण समिति के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल ने कहा कि रेल किराये में वरिष्ठजनों को पूर्व में दी जाने वाली छूट को फिर से बहाल किया जाए। कोरोना महामारी से पहले रेल मंत्रालय की ओर से महिलाओं को 58 वर्ष पूर्ण होने और पुरुषों को 60 वर्ष पूर्ण होने पर रेल किराए में छूट मिलती थी। लेकिन, कोरोना महामारी के समय में इस छूट को अस्थायी तौर पर स्थगित कर दिया गया था। बकौर अग्रवाल अब जनजीवन सामान्य हो गया है तो इस छूट की सुविधा क्यों बहाल नहीं किया जा रहा है। ऐसे समय में रेल मंत्री के बयान से वरिष्ठ नागरिकों को बड़ा झटका लगा है। समिति रेल मंत्री के बयान की घोर निंदा करती है। बताया समिति ने इस विषय पर कई बार रेल मंत्रालय को ज्ञापन देकर छूट बहाली की मांग की। यही नहीं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के माध्यम से रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा गया। रेल मंत्रालय को अति शीघ्र इस पर निर्णय लेकर वरिष्ठजनों को पूर्व में दी जाने वाली छूट को बहाल कर वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए।

## सीमान्त में उच्च शिक्षण संस्थानों की जरूरत

पिथौरागढ़ : राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ऋषेंद्र महर ने सांसद राहुल गांधी को प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या बताई। राजस्थान में भारत जोडो यात्रा में शामिल हुए सचिव ऋषेंद्र ने राहुल गांधी से कहा कि सीमांत पिथौरागढ़ में हवाई सेवा, स्वास्थ सेवा बदहाल स्थिति में है। पर्यटन की दृष्टि से पिथौरागढ़ टूरिस्ट हब बन सकता है, वहीं सीमांत में उच्च शिक्षण संस्थानों की जरूरत है। वहीं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल ने समस्याओं के निराकरण के लिए अपने स्तर से कार्रवाही का आश्वासन दिया। (एजेंसी)

# स्वास्थ्य विभाग ने सीज किया झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक



रुद्रपुर : स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस और प्रशासन के साथ नहर पार वार्ड 6 में छापेमारी कर झोलाछाप चिकित्सक का क्लीनिक सीज किया। गुरुवार शाम प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. अभिलाषा पांडे के नेतृत्व में टीम ने नहर पार वार्ड 6 में जलीस अहमद की क्लीनिक में छापेमारी की। मौके पर नईम जहां पत्नी जलीस अहमद क्लीनिक संचालित करते पायी गयी। यहां एक मरीज भर्ती था।

टीम को क्लीनिक में प्रतिबंधित नारकोटिक्स और अन्य दवाइयां मिली। यह एक्सपायरी डेट की दवाइयां भी मिली। पीएमएस डॉ. पांडे ने बताया कि क्लीनिक पंजीकृत नहीं है। क्लीनिक में कोई चिकित्सक नहीं था। टीम में सुदीप सक्सेना, केएन गोस्वामी, मयंक नैनवाल, विवेक बिष्ट, मोहम्मद युनिस, कानूनगो वीरेंद्र लाल, पुलिस कर्मी चंद्र प्रकाश, गिरीश पाटनी रहे। (एजेंसी)

# जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर दो लोगों को भेजा जेल

विकासनगर। कोतवाली पुलिस ने गाली गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किए जाने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके खिलाफ एससी, एसटी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं, इस घटना से गुस्साए वाल्मीकि समाज के लोगों ने आरोपियों के घर के बाहर कूड़ा फेंककर कार्रवाई की मांग की थी। वाल्मीकि बस्ती चिंरजीपुर निवासी अनुज कुमार पुत्र कमल राज ने विकासनगर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया था कि जोगेंद्र उर्फ निक्कू सरदार पुत्र कृपाल सिंह और जोगिंदर सिंह बेदी पुत्र जीत सिंह निवासी विकासनगर के द्वारा उनके साथ किसी बात को लेकर गाली गलौज की गई। आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि साथ ही उन्हें जाति सूचक शब्दों से संबोधित किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों जोगेंद्र और जोगिंदर सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। वहीं, इस प्रकरण में जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किए जाने से आक्रोशित वाल्मीकि समाज के लोगों ने बुधवार देर रात को दोनों आरोपियों के घर के सामने कूड़ा डाल दिया। बताया गया है कि रात में कुछ लोग ट्रैक्टर ट्रॉली में कूड़ा भर कर ले गए और आरोपियों के घर के सामने कूड़ा उड़ेल दिया। इस दौरान पुलिस भी मूकदर्शक बनी रही। गुरुवार सुबह नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने मंडी चौक स्थित आरोपियों के घर के सामने डाला गया कूड़ा उठाया।

इस घटना के बाद विकासनगर पुलिस ने आरोपियों को गुरुवार दिन में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि कूड़ा डालने वालों की पहचान की जा रही है।

## एबीवीपी ने की अध्यक्ष समेत दो उम्मीदवारों की घोषणा

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि कैंपस ऋषिकेश में छात्रसंघ चुनाव के लिए गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर दिए हैं। एबीवीपी ने अध्यक्ष पद पर ऋतिक पाठक और उपाध्यक्ष पद पर केशव पोरवाल को मैदान में उतारने का फैसला लिया है। अन्य चार पदों पर प्रत्याशियों की घोषणा 16 दिसंबर को की जाएगी। ऋषिकेश में छात्रसंघ चुनाव को लेकर माहौल गरमाने लगा है। गुरुवार को नगर निगम ऋषिकेश के स्वर्णजयंती सभागार में एबीवीपी ने छात्रसंघ चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की।

# खेल के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी मिल रहे: अग्रवाल

ऋषिकेश। मां आनंदमयी मेमोरियल स्कूल रायवाला में सीबीएसई स्कूलों का टेबिल टेनिस कलस्टर मैच का शुभारंभ शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने रिबन काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी युवा न सिर्फ नाम कमा रहे, बल्कि इससे रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। गुरुवार को स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय पर शिक्षा के साथ खेलों के प्रति भी ध्यान देने का समय है। मोबाइल के दौर में बच्चों का शारीरिक विकास थम गया है। मोबाइल में ऑनलाइन गेम खेलने की लत से मनोरंजन जरूर हो सकता है, मगर शारीरिक रूप से विकास नहीं हो सकता। बता दें कि टेबिल टेनिस की प्रतियोगिता जोनल लेवल गाजियाबाद में आयोजित हो रही हैं, इसमें 137 सीबीएसई स्कूल के बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। मौके पर प्रधान सागर गिरी, रोहित नौटियाल, विद्यालय अध्यक्ष महेश पंजवानी, निदेशक अर्पित पंजवानी, प्रधानाचार्य शरद अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य श्वेता कोचर, दिव्या पंजवानी, निकिता तनेजा, अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी नीरजा गोयल, उत्तराखंड टेबिल टेनिस एसोसिएशन के महासचिव प्रिंस विपन, रेफरी बृजेश, गिरीश मधवाल, घनश्याम, अंतरराष्ट्रीय अंपायर आशीष अहमद, राष्ट्रीय अंपायर बीपी उप्रेती, राज्य स्तरीय अंपायर चंद्रिका, सुनीता छिमवाल, यशपाल ओली आदि उपस्थित रहे।

# सीओ ने किया पुलिस लाईन का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस उपाधीक्षक सदर पौड़ी प्रेमलाल टम्टा द्वारा पुलिस लाईन पौड़ी का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कोतवाली के दस्तावेजों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।पुलिस उपाधीक्षक ने क्वाटर गार्द का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाईन पौड़ी परिसर का भ्रमण कर पुलिस लाईन के कार्यालयों में रखे अभिलेखों को चेक किया एवं स्टोर, शस्त्रागार, बैरिक, मेस, कम्प्यूटर कक्ष, सीपीसी कैंटीन, आटा चक्की आदि का निरीक्षण किया। सीओ ने एमटी कार्यालय का निरीक्षण कर एचसीएमटी को गाड़ियों की साफ-सफाई रखनें, नियमित रूप से गाड़ियों की मेंटिनेंस करने एवं एमटी कार्यालय की साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन पौड़ी को लाईन परिसर में साफ-सफाई रखने, कर्मचारियों को अनुशासित बनाएं रखने एवं उनका टर्नआउट उच्च कोटि का बनाए रखने हेतु निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पुलिस के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।



सीओ सदर पौड़ी प्रेमलाल टम्टा पुलिस लाईन पौड़ी में अधिनस्थों को निर्देश देते हुए।

## अंजलि यंग साइंटिस्ट एक्सिलैंस अवार्ड से सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र(यूसर्क) देहरादून द्वारा आईआरडीटी परिसर में आयोजित महिला वैज्ञानिक कानक्लेव 2022-23 में गढ़वाल विवि के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की शोध छात्रा अंजलि पाटिल को यंग साइंटिस्ट एक्सिलेंस अवार्ड 2022-23 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उत्तराखंड के राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह द्वारा प्रदान किया गया। अंजलि जैव प्रौद्योगिकी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. ममता आर्य के निर्देशन में अपना शोध कार्य कर रही है। उनकी इस उपलब्धि पर विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने शोध छात्रा अंजिल व शोध निर्देशक डा. ममता आर्य का सम्मान किया। खुशी जताने वालों में डा. पूजा सकलानी, डा. जीके जोशी, डा. सौरभ यादव, डा. सुधीर कुमार आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# जल्द ही शिक्षा विभाग में छात्र हित में होगें कई बड़े बदलाव : डा. रावत

श्रीनगर गढ़वाल : शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव (डायट) में विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि वह अभी तक सात डायट की समीक्षा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि डायट के सभी प्राचार्य 15 दिन की ट्रेनिंग करने के लिए काशीपुर जाएंगे। उन्होंने कहा कि डायट की नियमावली बनाई जा रही है। तीन-चार महीने में यह बनकर आ जाएगी।शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डा. रावत ने कहा कि पढ़ने के प्रति बच्चों का आकर्षण कैसे बढ़े और स्कोप को देखते हुए व्यावसायिक शिक्षा पर रिसर्च किया जाए। उन्होंने कहा जल्द ही शिक्षा विभाग में छात्र हित में कई बड़े बदलाव किए जाएंगे। पूरे प्रदेश में संख्या के आधार पर पीएम श्री स्कूल बनाए जाएंगे। जिसके दायरे में प्राइमरी से लेकर इंटर तक के स्कूल आएंगे। उन्होंने डायट में सभी सिस्टम को ऑनलाइन किए जाने व 928 शिक्षकों व कर्मियों को 15 दिन के अंदर भरे जाने की बात कही। बैठक के बाद शिक्षा मंत्री ने चड़ीगांव व चमराड़ा में सांस्कृतिक सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की हेल्थ आईडी बनाई जाएगी। अनुसूचित जाति के लोग जिनके पास मकान नहीं होगा उन्हें डेढ़ लाख रूपए दिए जाएंगे। कहा खंडाह में वेलनेस सेंटर बनाने की स्वीकृति दे दी है। साथ ही एनआईटी का कार्य एक महीने में शुरू हो जाएगा। एनआईटी के अस्थायी कैंपस में निर्माण कार्य गतिमान है, स्थायी कैंपस सुमाड़ी के लिए बिजली, पानी का टेंडर हो गया है। (एजेंसी)

## घोड़े-खच्चरों के रक्त सैंपल जांच को भेजें श्रीनगर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : आगामी वर्ष-2023 केदारनाथ यात्रा को सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया है।

# अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल : अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले को लेकर छात्र संगठनों की ओर से गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने सीबीआई जांच, आरोपियों को सख्त सजा दिलाए जाने और मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग दोहराई। इस मौके पर अंकिता के पिता और समाजिक संगठनों से जुड़े लोग भी मौजूद रहे।

गुरुवार को धरने के दौरान छात्रों ने कहा कि अंकिता हत्याकांड के तीन माह पूरे होने को हैं। लेकिन आज तक मामले की ठोस जांच नहीं हो पाई है। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच न कराए जाने व वीआईपी के नाम का खुलासा न होने पर आक्रोश जताया। कहा कि सरकार आरोपियों को बचाने के लिए जान बूझकर इस मामले में देरी कर रही है। धरना स्थल पर मौजूद अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी ने छात्र संघ और ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की ओर से मामले की सही जांच नहीं करवाई जा रही है। मेरी मांग है कि मामले की कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच हो और वीआईपी का नाम का जल्द खुलासा हो। इस मौके पर पत्रकार आशुतोष नेगी, प्रभाकर, छात्रसंघ उपाध्यक्ष रॉविन सिंह, सहसचिव रंजना, छात्रा प्रतिनिधि मोनिका, रेशमा, सुमित, विजेता सेमवाल, हिमानी, मयंक, शैली, मोहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# विशेष सतर्कता व चौकसी बरतने की जरूरत : एएसपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल ने थाना लक्ष्मणझूला का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विशेष सतर्कता व चौकसी बरतने की जरूरत है। इसे लेकर विशेष प्लानिंग के साथ कार्य किया जाए। संदिग्ध व आसामजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाए। इस दौरान उन्होंने पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कोतवाली के दस्तावेजों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

एएसपी ने अर्द्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम सलामी गार्द का निरीक्षण किया। तत्पश्चात थाना परिसर का भ्रमण करते हुए थाना परिसर में लम्बित माल मुकदमाती वाहनों का शीघ्र निस्तारणकरने हेतु निर्देशित किया। थाना कार्यालयों में रखे अभिलेखों को चेक कर शस्त्रागार, मालखाना, बैरिक, मेस, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, कम्प्यूटर उपकरणों आदि का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों से अस्लाह/कारतूस की जानकारी लेकर उनकी हैंडलिंग करवायी गयी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को ड्यूटी व चैकिंग के दौरान आमजनमानस के साथ शालीनता से वार्ता करने, पीड़ितों की शत-प्रतिशत सहायता करने हेतु निर्देशित किया गया। एएसपी ने प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला को कर्मिकों का अनुशासन/टर्नआउट उच्च कोटि का बनाऐ रखने, बैरिकों व आवासीय परिसर को साफ-सुथरा रखने, सरकारी सम्पत्ति का रखरखाव करने, अभिलेखों को अध्यावधिक करने व उच्चाधिकारियों से निर्गत दिशा निर्देशो का शत प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश हुए लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाने को कहा। उन्होंने थाने पर लम्बित विवेचनाओं एवं उत्तर-खण्ड पुलिस मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों को निर्धारित अवधि में जांच कर निस्तारित करने को कहा।



एएसपी शेखर चन्द्र सुयाल थाना लक्ष्मणझूला में अधिनस्थों से जानकारी लेते हुए।

## आठ माह से फरार चल रहा इनामी बदमाश गिरफ्तार

नई टिहरी : एनडीपीएस के एक मामले में वांछित चल रहे 20 हजार के इनामी बदमाश को टिहरी पुलिस ने मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया है। अभियुक्त आठ माह से फरार चल रहा था।

एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने पत्रकारों को ब्रीफ करते हुए कार्यालय में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डीजीपी के निर्देश पर जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ का कार्य तेजी से किया जा रहा है।


## सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा ज्येष्ठ पुत्र मयंक कुमार एवं पुत्रवधु बीना देवी मुझसे एवं परिवार के अन्य सदस्यों से लड़ाई-झगड़ा करते है तथा मेरे कहने सुनने में नहीं है। जिस कारण मैं तथा मेरा परिवार मानसिक रूप से पेरशान रहता है। जिससे मैं अपने ज्येष्ठ पुत्र मयंक कुमार एवं पुत्रवधु बीना देवी से संबंध विच्छेद करता हूं तथा उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।

**महिपाल सिंह पुत्र बलवन्त सिंह निवासी बी-436, नई कॉलोनी, कालागढ़, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड**

(0748/25)



## अदालती सूचना

**न्यायालय माननीय सीनियर सिविल जज महोदय, कोटद्वार**
**दी0वाद0सं0 82 /2022**
**श्रीमती पूनम बिष्ट -बनाम- ग्राम पंचायत मस्ट आदि**
**समन बनाम आम जनता**

चूंकि वादिनी श्रीमती पूनम बिष्ट पत्नी श्री ईश्वर सिंह बिष्ट निवासी ग्राम मस्ट पोस्ट चैलूसैण-246122 पट्टी डबरालस्यूं, विकास खण्ड द्वारीखाल, जिला पौड़ी गढ़वाल ने अपने पति श्री ईश्वर सिंह बिष्ट (पुत्र स्व0 रतन सिंह) निवासी ग्राम मस्ट पोस्ट चैलूसैण-246122 पट्टी डबरालस्यूं, विकास खण्ड द्वारीखाल, जिला पौड़ी गढ़वाल की मृत्यु की उद्घोषणा किये जाने हेतु एक वाद मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है। लिहाजा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी श्री ईश्वर सिंह उपरोक्त की मृत्यु की उद्घोषणा में कोई भी आपत्ति हो, दिनांक 25.01.2023 को मेरे न्यायालय उपरोक्त में उपस्थित होकर आपत्ति/जवाबदेही प्रस्तुत करें, अन्यथा मामले में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 14.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**न्यायालय सीनियर सिविल जज**
**कोटद्वार गढ़वाल**

(0746/24)


# उच्च शिक्षा मंत्री बोले सरकार अतिथि शिक्षकों के हितों को लेकर गंभीर

श्रीनगर गढ़वाल : सुरक्षित भविष्य की मांग को लेकर श्रीनगर में अतिथि शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्री से सुरक्षित भविष्य व तदर्थ नियुक्ति दिलाए जाने की मांग की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि सरकार अतिथि शिक्षकों के हितों को लेकर गंभीर है। कहा बोर्ड की परीक्षाएं नजदीक हैं। ऐसे में अतिथि शिक्षकों को छात्र-छात्राओं की पढ़ाई की ओर ध्यान देना चाहिए।प्रतिनिधिमंडल में शामिल अतिथि शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष पौड़ी रेखा रावत, विनोद कोहली, विपिन नौटियाल व कांति किमोठी ने कहा कि देहरादून में अपनी मांगों को लेकर अतिथि शिक्षक धरना देने को मजबूर हो रखे हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अतिथि शिक्षक दुर्गम के स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नियमित नियुक्ति होने पर उन्हें बार-बार प्रभावित होना पड़ रहा है। जिसके कारण समस्त अतिथि शिक्षक अपने सुरक्षित भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने मंत्री से उनके भविष्य को देखते हुए उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने का अनुरोध किया। शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि नियमित नियुक्ति होने पर प्रभावित होने वाले गेस्ट टीचर को अन्य स्कूलों में नियुक्ति दी जा रही है। कहा सरकार के स्तर से अतिथि शिक्षकों के हितों को देखते हुए सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षकों के लिए जो भी संभव होगा उसे किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में काम कर रहे अतिथि शिक्षकों के पदों को रिक्त न माने जाने का प्रयास भी किया जा रहा है। परीक्षाएं नजदीक होने व छात्र हित को देखते हुए उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षकों को इस समय धरना प्रदर्शन से बचना चाहिए। (एजेंसी)

## मलेथा सहित आसपास के गांव कीर्तिनगर थाने शामिल होंगे

नई टिहरी : कीर्तिनगर कोतवाली के तहत जल्द ही पुलिस के जवानों के लिए नये कार्यालयों का निर्माण किया जायेगा। राजस्व क्षेत्र को कम करने की नीति के तहत देवप्रयाग विधानसभा के मलेथा क्षेत्र समेत आसपास के दर्जनों गांवों को जल्दी ही कीर्तिनगर कोतवाली के तहत लाया जायेगा। एएसपी टिहरी विजेंद्र डोभाल ने कीर्तिनगर थाने का औचक निरीक्षण करने के दौरान यह जानकारी दी।

## कैरम और शतरंज प्रतियोगिता 25 दिसम्बर से

रुद्रप्रयाग : केदारघाटी सोशियल ऑर्गनाइजेशन गुप्तकाशी द्वारा 25वें खेल, सांस्कृतिक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 25 दिसम्बर में शुरू किया जाएगा।

गुप्तकाशी में आयोजित इस आयोजन में कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। केदारघाटी सोशियल ऑर्गनाइजेशन गुप्तकाशी बीते 1997 से इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाती आ रही है। इस वर्ष 25 वर्ष पूरे होने पर एक लाख इक्कीस हजार की इनामी राशि के साथ रजत जयंती भव्य तरीके से मनाई जा रही है।

बीते 25 से 31 दिसम्बर तक गुप्तकाशी में यह आयोजन किया जाएगा। वहीं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन रवि पांडे की अध्यक्षता में किया जाएगा।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में अमित और उदित ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अक्षय ऊर्जा दिवस पर विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक ने अव्वल छात्र-छात्राओं की जमकर तारीफ की।अक्षय ऊर्जा दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता के सीनियर पक्ष में अमित कठैत ने पहला, कशिश रावत ने दूसरा, सीनियर विपक्ष में उदित शर्मा ने पहला, ऐश्वर्या नौटियाल ने दूसरा, चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में तुलसी ने पहला, मीनाक्षी ने दूसरा व साहिल ने तीसरा स्थान पाया। जूनियर वर्ग में प्राची ने पहला, प्रियांशु ने दूसरा व अल्फा ने तीसरा स्थान पाया। निबंध प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में श्रीयांशी पहले, खुशबू दूसरे व शामली टम्टा तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में प्रियांशु जाटव ने पहला, आनिया जोशी ने दूसरा व प्राची ने तीसरा स्थान पाया। अव्वल प्रतिभागियो को मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रभारी सीईओ डा.एसवी सिंह, कार्यक्रम नोडल अधिकारी बिमलचंद्र बहुगुणा, मुकेश, वीरेंद्र सिंह चौहान, भगवती, जयंती पुरोहित, आरपी डोबरियाल, स्वाति कुकरेती, मंजू गौनियाल, वंदना रावत, सुनीता आदि शामिल थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 283-DRM-MB-22-23, दिनांक 13.12.2022 |
| कार्य का नाम | Replacement of 17 nos stone slab bridge with RCC box in the jurisdiction of DEN-4-MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 10.01.2023 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 2,20,48,853.32 |
| बयाना राशि | 2,60,300.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 27.12.2022 |

टेन्डर नं. 70/W/2/3/WA/DEN/IV/ T Notice दिनांक 14.12.2022 3335/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## 18 दिसम्बर को परीक्षा केंद्रों पर लागू रहेगी धारा 144

चमोली : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा पुलिस आरक्षी, पीएसी, आईआरबी, अग्निशामक परीक्षा 18 दिसम्बर (रविवार) को होगी। जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना के आदेशों के क्रम जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों से 200 मीटर की परिधि में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी प्रकार का हस्तक्षेप रोकने के लिए धारा-144 लागू रहेगी। परगना मजिस्ट्रेट दीपक सैनी ने बताया कि यह आदेश दिनांक 17 दिसम्बर के अपराह्न 5 बजे से 18 दिसम्बर के अपराह्न 6 बजे तक लागू होगा। परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एक साथ एक स्थान पर एकत्रित होने, जुलूस, झांकी, जनसभा प्रदर्शन, लाउडस्पीकर का प्रयोग, किसी भी प्रकार का शस्त्र ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। परीक्षा केन्द्र परिसर में सेलुलर फोन, पेजर, पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति कदापि नही होगी। परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में प्रिंट एवं फोटोस्टेट की दुकानें पूर्ण रूप से बन्द रहेगी और परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार का साहित्य, प्रेस नोट, पम्पलेट, पोस्टर बैनर आदि नहीं लगवाएगा और ना ही बंटवायेगा। शान्ति व्यवस्था में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी पुलिस बल, परीक्षार्थियों के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति प्रवेश नही करेगा। यदि कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करेगा तो बिना वारण्ट गिरफ्तार किया जाएगा तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा। (एजेंसी)

## जखोली से शिक्षक, कर्मचारी भी होंगे हुंकार रैली में शामिल

रुद्रप्रयाग : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली मोर्चा की ओर से 18 दिसंबर को कर्णप्रयाग में प्रस्तावित पेंशन हुंकार रैली में जखोली से भी शिक्षक कर्मचारी शिरकत करेंगे। साथ ही अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण घिल्डियाल ने बताया कि ओपीएस से लाभान्वित अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक भी हुंकार रैली में आकर मोर्चा को समर्थन देंगे। उन्होंने बताया कि रैली में सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल होकर समर्थन देंगे। रैली में पूरे ब्लाक के विभिन्न विभागों के से कर्मचारी शामिल होंगे।




## सम्पादकीय

### बैक डोर व्यवस्था एक धब्बा

उत्तराखंड में भर्ती प्रकरण के कई मामले सामने आ चुके हैं जिन में एक प्रमुख मामला विधानसभा एवं सचिवालय में बैक डोर से हुई भर्तियों का भी है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं में जब नकल का प्रकरण खुलकर सामने आया तो उसी दौरान विधानसभा एवं सचिवालय में हुई भर्तियों को लेकर भी सवाल खड़े हुए थे। इन भर्तियों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सभी भर्तियों को निरस्त करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था जिस पर सरकार की ओर से अनुमोदन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को हरी झंडी दी गई। इसका असर यह हुआ कि लगभग 228 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। कर्मचारी हाईकोर्ट के जहां एक पल को राहत तो मिली लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट में विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को सही ठहराते हुए निकाले गए कर्मचारियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब कर्मचारियों ने पुनः विशेष याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की लेकिन यहां भी निराशा का ही सामना करना पड़ा और रही सही उम्मीदें भी समाप्त हो गई। स्पष्ट हो गया कि बैक डोर से सरकारी नौकरी पाने वाले इन 228 कर्मचारियों के लिए अब विधानसभा एवं सचिवालय में कोई जगह नहीं रह गई है। निश्चित तौर पर सुप्रीम कोर्ट का यह एक अच्छा फैसला है साथ ही राज्य सरकार की भी इस कार्रवाई से छवि अच्छी बनेगी। जो गलतियां पूर्व सरकार में हुई है उसे वर्तमान सरकार ने सुधारने का काम किया है, क्योंकि बिना विज्ञप्ति या परीक्षा के किसी को भी सरकारी नौकरियों में रखने का कोई औचित्य नहीं है। एक तरफ जहां लाखों युवक दिन रात मेहनत कर सरकारी नौकरी की आस लगाकर तैयारियां करते हैं वही भेज वह आसानी से अपने प्रभाव का प्रयोग कर बैक डोर से भी सरकारी नौकरियां हासिल की जाती है। यह व्यवस्था किसी भी राज्य की सेवायोजन व्यवस्था पर एक काला धब्बा है। धामी सरकार ने इस परिपाटी को तोड़ने का एक अच्छा प्रयास किया है जिसके दूरगामी परिणाम निश्चित तौर पर देखने को मिलेंगे। सरल रास्ते से बिना मेहनत के नौकरी प्राप्त करने का बैक डोर का यह रास्ता आने वाले दिनों में बंद हो सकेगा अब इसकी उम्मीद की जा सकती है। हालांकि आने वाले समय में यह भी एक रहस्य ही रह जाएगा कि इन लोगों को आखिर किस आधार पर विधानसभा एवं सचिवालय में नौकरियों पर रखा गया और वह कौन लोग थे जिन्होंने अपने चहेतों को यह नौकरियां उपलब्ध कराई। सरकार के प्रति भी युवाओं का विश्वास बढ़ेगा और यह उम्मीद बढ़ेगी की मेहनत के बल पर नौकरी हासिल की जा सकती है। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को भी यह सोचना चाहिए कि नौकरियां ऐसे ही नहीं मिलती और यदि किसी स्वार्थ सिद्धि से सरकारी नौकरी हासिल हो रही है तो आने वाले समय में उन पर जांच की उंगली भी उठ सकती हैं।

# सर्दियों में इन उपायों से बनाए अपनी त्वचा को कोमल



सर्दी, खांसी और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियों के प्रति हमें अधिक संवेदनशील बनाने के अलावा, सर्दियों का मौसम हमारी त्वचा और बालों पर भी कहर बरपाता है। यह हमारी त्वचा से नमी को छीन लेता है, जिससे यह शुष्क, परतदार और बिखरी हुई हो जाती है। सर्दी नमी और तापमान में बदलाव लाती है जो शुष्क त्वचा के लिए एकदम सही स्थिति पैदा करती है, जिसे जेरोसिस भी कहा जाता है। सर्दियों के दौरान, एपिडर्मिस (त्वचा की सबसे बाहरी परत) की पतली बाहरी सतह, जिसे त्वचा बाधा भी कहा जाता है, सुरक्षा की एक परत बनाती है जो हानिकारक विषाक्त पदार्थों को शरीर में प्रवेश करने से रोकती है। हालांकि, चूंकि सर्दियों के दौरान त्वचा की बाधा में कम नमी और कम लिपिड होते हैं, यह सूखापन और जलन में योगदान देता है।

जैसे, हवा में झनझनाहट आपके स्किनकेयर रूटीन में हलचल मचाने के लिए एक निमंत्रण है ताकि आपका चेहरा ठंड और कठोर मौसम का खामियाजा न भुगते। सर्दियों में त्वचा रूखी हो जाती है। इसलिए, सर्दियों के महीनों में भी आपकी त्वचा का रूखापन कम करने और आपकी त्वचा को कोमल बनाए रखने के लिए आपको अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव करने होंगे।

**शावर कम रखें**

सर्दियों में जहां गर्म पानी से नहाना बहुत आरामदायक होता है, वहीं यह आपकी त्वचा के लिए वास्तव में अच्छा नहीं होता है। अगर आप गर्म पानी से नहाना पसंद करते हैं, तो शवर की अवधि कम रखें। अगर आपकी त्वचा और भी रूखी है, तो बाल्टी से नहाना बेहतर है। गर्म पानी से नहाते वक्त बाल्टी में 8-10 चम्मच नारियल का तेल डालें।

**रोजाना साबुन के इस्तेमाल से बचें**

रोजाना साबुन का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा रूखी हो सकती है। इसे हफ्ते में एक या दो बार इस्तेमाल करें। आप सिर्फ कांख और कमर पर ही रोजाना साबुन लगाएं।

**अपनी स्किनकेयर गतिविधियों को बदलें**

जो लोग स्किनकेयर एक्टिव हैं, उनके लिए सैलिसिलिक एसिड, ग्लाइकोलिक एसिड और रेटिनोइड्स जैसे एजेंटों के साथ धीमी गति से चलने का समय है। आप इन सामग्रियों के साथ सीरम जोड़ सकते हैं, जैसे नियासिनमाइड, पेप्टाइड्स, सेंटेला, पैन्थेनल, एलांटोइन, हाइलूरोनिक एसिड या सेरामाइड जो त्वचा पर कोमल होते हैं।

**गाढ़े मइश्चराइजर का इस्तेमाल करें**

अपने रेगुलर मइश्चराइजर को मोटे मइश्चराइजर से बदलना भी उतना ही जरूरी है। सेरामाइड्स, कोलाइडल दलिया, शीया मक्खन, कोकोआ मक्खन या ग्लिसरीन के साथ मइस्चराइजर सर्दियों के महीनों के दौरान अच्छी तरह से काम करते हैं। नम त्वचा पर हमेशा मइस्चराइजर लगाएं।

**नारियल का तेल**

रूखी और बेजान त्वचा के लिए नारियल का तेल एक बेहतरीन मइश्चराइजर का काम करता है। बस तेल की कुछ बूंदों को गर्म करें और इससे अपने चेहरे पर मालिश करें। आप इसे 15 से 20 मिनट या रात भर के लिए भी छोड़ सकते हैं और इसे साबुन से धो सकते हैं। समय-समय पर अपने तेल में थोड़ी सी चीनी मिलाएं और अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए इसका इस्तेमाल करें। इसके अलावा, जब उस भीषण ठंड में आप लगातार अपनी नाक सूँघते और फूंकते हैं, तो नारियल के तेल की कुछ बूँदें आपकी नाक के आसपास की चिड़चिड़ी त्वचा को शांत करने में मदद कर सकती हैं। यह घरेलू उपाय

# चुनाव परिणाम : समीक्षा तो भाजपा भी करे

**अवधेश कुमार**

चुनाव परिणाम कोई भी हो सार्वजनिक तौर पर पार्टियां अपने अनुसार उनका विश्लेषण करती हैं।

हालांकि अंदर से सच्चाई जानने और समझने की कोशिश करती हैं ताकि भविष्य में वो गलतियां फिर ना दोहराई जाए जिनके कारण परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं आए। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोक सभा उपचुनाव तथा खतौली एवं रामपुर उप चुनाव परिणामों के संदर्भ में भी यही बातें लागू होती हैं। सपा और रालोद निश्चित तौर पर मैनपुरी और खतौली के परिणामों से प्रफुल्ल और उत्साहित होंगे। रामपुर से उन्हें धक्का लगा है, लेकिन इसका कारण वे अपनी दृष्टि से तलाश रहे हैं। यह स्वाभाविक भी है।

भाजपा ने सार्वजनिक तौर पर ऐसा कोई विश्लेषण इन चुनावों का नहीं दिया है, जिसे जमीनी वास्तविकता को समझने वाले स्वीकार कर लें। मैनपुरी में भाजपा ने इतनी बड़ी पराजय की कल्पना नहीं की थी। भाजपा के उम्मीदवार रघुराज शाक्य 2 लाख 88 हजार मतों से डिंपल यादव के हाथों पराजित हुए जो किसी दृष्टि से सामान्य नहीं माना जा सकता। 2019 लोकसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव स्वयं उम्मीदवार थे तो उन्हें भाजपा उम्मीदवार प्रेम सिंह शाक्य ने जबरदस्त चुनौती दी और वे केवल 94000 वोट के अंतर से जीत सके। तो फिर जीत और हार का अंतर इतना बड़ा क्यों हुआ? भाजपा को इसी तरह खतौली विधान सभा उपचुनाव परिणाम पर भी कठोरता से मंथन करना चाहिए। विधानसभा चुनाव में उसके उम्मीदवार विक्रम सैनी वहां जीते थे, लेकिन हेट स्पीच मामले में उनकी सदस्यता चली गई थी।

जाहिर है, भाजपा को यहां विजय मिलनी चाहिए थी। इसके विपरीत रालोद के मदन भैया ने भाजपा की राजकुमारी सैनी को 22 हजार 165 वोटों से हरा दिया। विधानसभा चुनाव की दृष्टि से यह छोटी पराजय नहीं है। भाजपा यह कह कर आत्मसंतुष्ट हो सकती है कि रामपुर में पहली बार किसी हिन्दू प्रत्याशी और वह भी भाजपा की जीत हुई है। किंतु इन दोनों चुनाव परिणामों का क्या? मैनपुरी के बारे में यह कहना आसान है कि मुलायम सिंह की मृत्यु के कारण उपजी सहानुभूति में लोगों ने उनकी बहू को स्वीकार किया है।

कहा जा सकता है इसमें भाजपा जीत जाती तो बड़ी बात होती। किंतु प्रदेश के राजनीतिक वातावरण को देखें तो भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ लोक सभा उपचुनाव में सपा को पराजित किया। आगे इसका विस्तार मैनपुरी तक होना चाहिए था और खतौली तो भाजपा के हाथ से जाने का कोई कारण ही नहीं होना चाहिए। आखिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता के समक्ष प्रदेश में कोई दूसरा नेता नहीं है। गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश इस समय हिन्दुत्व के प्रति जन आकषर्ण का सबसे बड़ा मडल भी है। उस दिशा में सरकार की नीतियां भी स्पष्ट दिखाई पड़ती हैं। मैनपुरी में ऐसा मानते हैं कि शिवपाल सिंह यादव के साथ आ जाने से जमीनी स्तर पर चुनाव का प्रबंधन काफी सशक्त हुआ। शिवपाल सपा में आ चुके हैं और अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि उनकी भूमिका बड़ी होगी। अखिलेश यादव से नाराज और बिखरे हुए पुराने सपाइयों और समर्थकों को इका। करने में शिवपाल यादव की भूमिका होगी। भाजपा ईमानदारी से अपने कार्यकर्ताओं से ही फीडबैक ले तो उसे इस संदर्भ में सच्चाई का पता चल जाएगा। उत्तर प्रदेश और केंद्र का भाजपा नेतृत्व यह हमेशा ध्यान में रखे कि 2022 के विधानसभा चुनाव में जगह-जगह अपने ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों का विद्रोह उसे झेलना पड़ा था। पुलिस प्रशासन के रवैये से मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारी तक क्षुब्ध और निराश थे। जिस क्षेत्र में जाइए वहीं लोगों की नाराजगी दिखती थी। अंततरू दो बातों ने लोगों को भाजपा उम्मीदवारों के लिए काम करने और जिताने को विवश किया। लोगों के अंदर भय था कि सपा वापस हो गई तो अपराध का बोलबाला बढ़ेगा। दूसरे, केंद्र में नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के कारण हिन्दुत्व एक प्रबल मुद्दा बना और उसके प्रति भी आकषर्ण था। मुसलमानों को एकमुश्त सपा के पक्ष में जाते देखने की भी विपरीत प्रतिक्रियाएं हुई। इसमें भाजपा को बहुमत मिल गया। उप चुनावों में वह स्थिति नहीं है। सच यह है कि सरकार वापस आने के बाद अनेक जगह पुलिस और प्रशासन का मनमाना रवैया फिर असभ्य तरीके से सामने आ रहा है। इसे संभालने की आवश्यकता है। पुलिस के व्यवहार के विरु द्ध लोगों में गुस्सा पैदा हुआ। गुंडागर्दी न हो, कानून-व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पुलिस की वांछित भूमिका होनी चाहिए। इस समय प्रदेश की पुलिस वांछित भूमिकाओं की सीमा से बाहर आकर भी काम कर रही है। यह स्थिति होगी तो लोगों के अंदर गुस्सा पैदा होगा। सच यह है कि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं को भी यह नागवार गुजर रहा था। खतौली से रामपुर में यह स्थिति थी।

**उत्तर प्रदेश और केंद्र का भाजपा नेतृत्व यह हमेशा ध्यान में रखे कि 2022 के विधानसभा चुनाव में जगह-जगह अपने ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों का विद्रोह उसे झेलना पड़ा था। पुलिस प्रशासन के रवैये से मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारी तक क्षुब्ध और निराश थे। जिस क्षेत्र में जाइए वहीं लोगों की नाराजगी दिखती थी। अंततरू दो बातों ने लोगों को भाजपा उम्मीदवारों के लिए काम करने और जिताने को विवश किया। लोगों के अंदर भय था कि सपा वापस हो गई तो अपराध का बोलबाला बढ़ेगा। दूसरे, केंद्र में नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के कारण हिन्दुत्व एक प्रबल मुद्दा बना और उसके प्रति भी आकषर्ण था। मुसलमानों को एकमुश्त सपा के पक्ष में जाते देखने की भी विपरीत प्रतिक्रियाएं हुई। इसमें भाजपा को बहुमत मिल गया। उप चुनावों में वह स्थिति नहीं है।**



स्थानीय लोग बता रहे हैं कि पुलिस सीमा से ज्यादा डर का वातावरण बना रही थी। 2017 से 2022 तक की सरकार में आम नेताओं-कार्यकर्ताओं की शिकायत थी कि थानेदार तक उनकी बात नहीं मानते। अगर किसी बात पर संघर्ष करिए तो मुकदमे होंगे, जेल में डाला जाएगा और सार्वजनिक रूप से पुलिस पिटाई भी कर सकती है। नई सरकार में इसकी समीक्षा करते हुए व्यापक सुधार होना चाहिए था। वह नहीं हुआ है। जमीन के कटु यथार्थ को उसी रूप में देखना होगा। इस समय पुलिस सामान्य मामलों में, जिनमें थाने से ही लोगों को छोड़ा जा सकता है, गिरफ्तारियां कर रही हैं और न्यायालय उनको मिनट में जमानत दे दे रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है? कानून और व्यवस्था के नाम पर पुलिस प्रशासन की भूमिका इसी तरह रही तो कोई भी सरकार अलोकप्रिय हो सकती है। श्रीकांत त्यागी प्रकरण में पुलिस-प्रशासन की भूमिका से पूरे समुदाय में नाराजगी पैदा हुई और वह अभी तक दूर नहीं हुई है। खतौली उपचुनाव में यह साफ देखा गया। अच्छा हो मुख्यमंत्री नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ इन सबकी समीक्षा करें और आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश दें। सरकारी योजनाओं से लेकर विकास के कार्यक्रमों की धरातल पर क्या स्थिति है इसका फीडबैक भी अपने ही परिवार के कार्यकर्ताओं-नेताओं से सतत पाने की ढांचागत व्यवस्था करना आवश्यक है। स्वयं भाजपा और दूसरे साथी संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से आई सूचनाओं और शिकायतों को गंभीरता से लें अन्यथा राजनीतिक स्थिति धीरे-धीरे प्रतिकूल भी हो सकती है।

# कायम है निजता का सवाल




सुप्रीम कोर्ट ने निजता को बुनियादी अधिकार घोषित किया था। स्कूलों में बच्चों की निगरानी के मामले में इस फैसले का इम्तहान होगा। वैसे सीसीटीवी कैमरों की वजह से स्कूलों में अपराध कम हुए हैं, ये साबित करने वाले साक्ष्य मौजूद नहीं हैं।

दिल्ली में ज्यादातर स्कूलों में फिलहाल सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं। सरकार का कहना है कि ऐसा छात्रों की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है। लेकिन अभी तक वह इस बारे में आश्वस्त करने में विफल रही है कि क्या स्कूली बच्चों का फुटेज सुरक्षित रहेगें और क्या डाटा सुरक्षा कानूनों से उन्हें सुरक्षा मिल पाएगी? कुछ आपराधिक घटनाओं के बाद छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार ने 2017 में स्कूलों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का फैसला किया था। खबरों के मुताबिक अब सरकार ने प्रोजेक्ट का दायरा बढ़ा दिया है। जल्द ही सीसीटीवी की लाइव फीड एक पासवर्ड वाले पोर्टल के जरिए बच्चों के परिजनों को भी मुहैया कराई जाएगी। पिछले साल शिक्षा मंत्रालय ने स्कूल के फाटकों और दूसरी संवेदनशील जगहों पर भी कैमरे लगाने के निर्देश जारी किए थे। दिशानिर्देशों के मुताबिक जरूरत पडने पर 15 दिनों का फुटेज स्कूल और अधिकारियों को मुहैया कराया जाएगा। जाहिर है, सरकार इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन (आईएफएफ) जैसे इंटरनेट स्वतंत्रता के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों की आशंकाओं को दरकिनार कर दिया है। जबकि इन संगठनों को अंदेशा है कि सीसीटीवी कैमरे भला कम, नुकसान ज्यादा कर सकते हैं।

इस वर्ष जुलाई में आईएफएफ ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को एक चि ी लिखी थी। इसमें उसने आगाह किया था कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सीसीटीवी फुटेज को अनाधित पहुंच हासिल करना संभव होगा। उसका नतीजा कल्पना से परे है और उससे होने वाले नुकसान की भरपाई भी संभव नहीं है। ऐसे संगठनों की यह बात तार्किक हैरू डेटा सुरक्षा कानून की ढाल के बिना ये कहना मुश्किल है कि बच्चों के सर्विलांस फुटेज का उपयोग होगा या दुरुपयोग।

क्योंकि सुरक्षा के उपायों को लेकर सरकार ने समाज को आश्वस्त करने की जरूरत महसूस नहीं की है। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने निजता को संविधान प्रदत्त बुनियादी अधिकार घोषित किया था। साफ है कि स्कूलों में बच्चों की निगरानी के मामले में इस फैसले का इम्तहान होगा। वैसे विशेषज्ञों का दावा है कि सीसीटीवी कैमरों की वजह से स्कूलों में अपराध कम हुए हैं, ये साबित करने वाले डेटा और साक्ष्य मौजूद नहीं हैं।

# महिला आरक्षण बिल कब आएगा?




भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार महिला आरक्षण बिल के बारे में क्या सोच रही है, यह पता नहीं चल रहा है। बिना महिला आरक्षण बिल के ही महिलाएं भाजपा और नरेंद्र मोदी के पक्ष में मतदान कर रही हैं। केंद्र सरकार ने तीन तलाक को अपराध बनाने का कानून बनाया तो कहा गया कि मुस्लिम महिलाएं भाजपा का साथ देंगी। मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने की उज्ज्वला योजना शुरू हुई तो कहा गय कि महिलाओं की बड़ी समस्या दूर हो गई और वो भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगी। लेकिन इन सबके बीच महिला आरक्षण की बात एक बार भी नहीं हो रही है।

सवाल है कि उसके लिए किस मौके का इंतजार हो रहा है? क्या अगले लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार यह बिल ला सकती है? ध्यान रहे एक समय था, जब भाजपा इस बिल का बहुत समर्थन करती थी लेकिन तब कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए में शामिल कई दल इसके घनघोर विरोधी थे। यादव नेताओं की तिकड़ी यानी मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू प्रसाद यादव ने इसका विरोध किया था। अब मुलायम सिंह इस दुनिया में नहीं हैं और शरद व लालू यादव दोनों संसद में नहीं हैं। ज्यादातर पार्टियों ने विरोध छोड़ कर इसका समर्थन शुरू कर दिया है फिर भी इसे नहीं पेश किया जा रहा है।

बिना किसी कानून के अपनी पार्टी में 30 से 40 फीसदी तक महिलाओं को टिकट देने वाली दो पार्टियों- तृणमूल कांग्रेस और बीजू जनता दल ने महिला आरक्षण विधेयक पेश करने की मांग की है। इन दोनों पार्टियों पिछले चुनाव में एक तिहाई से ज्यादा टिकट महिलाओं को दी थी और एक मिसाल कायम की थी। ये दोनों पार्टियां संसद के शीतकालीन सत्र में इस बात की मांग कर रही हैं कि बिल पेश किया जाए। लेकिन केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी किसी खास मौके के इंतजार मे चुप बैठे हैं।

संसद की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने भी इसका समर्थन किया है। बीजू जनता दल और तृणमूल कांग्रेस ने भी महिला आरक्षण बिल लाने की मांग की है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राजस्थान में कहा है कि यह बिल समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि अब भी वैध और जीवित है। असल में इस बिल को मनमोहन सिंह की सरकार के समय राज्यसभा में पास किया गया था। रमेश ने संवैधानिक प्रावधान का जिक्र करते हुए बताया कि चूंकि राज्यसभा कभी भंग नहीं होती है इसलिए वहां से पास होने वाला बिल हमेशा वैध बना रहता है। उनका कहना है कि करीब 11 साल पहले राज्यसभा से पास हुआ महिला आरक्षण बिल अब भी जीवित है और सरकार चाहे तो उसे लोकसभा से पास करा कर कानून बना सकती है। सो, गेंद अब केंद्र सरकार और भाजपा के पाले में है। उसे फैसला करना है कि कब महिला आरक्षण लागू होगा।

# आईओए की कमानः बदलनी तो चाहिए तस्वीर

**मनोज चतुर्वेदी**

भारतीय खेलों में पिछले कुछ सालों से एक अच्छा ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यह ट्रेंड है खेल संगठनों का बस खिलाडियों का बनना।

इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अपने समय की बेहतरीन धाविका पीटी ऊषा देश के सर्वोच्च खेल संगठन भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर पहुंची हैं। पीटी ऊषा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। पाय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर रहीं पीटी ऊषा ने 1980 के दशक में एशियाई खेलों सहित तमाम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदकों का अंबार जुटाया। पर उनका 1984 के लास एंजिल्स ओलंपिक की 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के सौवें हिस्से से पिछड़कर कांस्य पदक से हाथ धोने को हमेशा याद किया जाता है।

पीटी ऊषा से पहले सिर्फ एक और खिलाड़ी महाराजा यदुविंद्र सिंह आईओए अध्यक्ष बने थे। उन्होंने 1934 में इकलौता क्रिकेट टेस्ट खेला था और वह 1938 में अध्यक्ष बने थे। भारतीय खेलों की कमान खिलाडियों को देने की मांग जमाने से की जाती रही है। पर पिछले कुछ सालों से इस तरफ ध्यान दिया जाना खेलों के स्वास्थ के लिए अच्छा संकेत है। हम सभी जानते हैं कि दुनिया के सबसे अमीर खेल संगठन माने जाने वाले बीसीसीआई की कमान कुछ सालों पहले देश के सफलतम टेस्ट कप्तानों में शुमार रखने वाले सौरव गांगुली के हाथों में थी।

अब उनकी जगह यह जिम्मेदारी एक अन्य क्रिकेटर रोजर बिन्नी के हाथों में सौंपी गई है। इसी तरह भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला, हकी इंडिया की कमान पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की के हाथों में दी गई। इसी तरह भारतीय फुटबाल फेडरेशन के अध्यक्ष भारतीय टीम के पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे बने हैं। इन संगठनों की कमान खिलाडियों के हाथों में आने के परिणाम अभी आने बाकी हैं। हम सभी जानते हैं कि आईओए पिछले काफी समय राजनीति का शिकार था।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने तो इस माह तक चुनाव नहीं कराने पर उसे निलंबित करने तक की चेतावनी दे दी थी। पर दो धड़ों के टकराव की वजह



से चुनाव टलते आ रहे थे। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद ही चुनाव संपन्न हो सके हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अवकाश प्राप्त न्यायाधीश नागेर राव की देखरेख में चुनाव कराए हैं। इन चुनावों के बाद लगता है कि स्वच्छ हवा का झोका खेल गतिविधियों को पटरी पर ला सकेगा। देश की सर्वोच्च खेल संस्था आईओए के अध्यक्ष पद पर पीटी ऊषा के पहुंचने में इसके नये बने संविधान ने अहम भूमिका बनाई है। असल में इससे पहले राष्ट्रीय खेल फेडरेशनों और राज्य एसोसिएशनों के प्रतिनिधि ही अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों को चुना करते थे।

इसलिए पदाधिकारियों खासतौर से अध्यक्ष पद पर राजनेता या नौकरशाह ही पहुंच पाते थे, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में बने नये संविधान में इलेक्ट्रल कलेज में 33 राष्ट्रीय खेल फेडरेशनों के एक-एक पुरुष और महिला प्रतिनिधि, आठ पुरुष और महिला खिलाड़ी और दो एथलेटिक कमीशन के दो खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य नीता अंबानी सदस्य हैं। कुल 77 सदस्यों में 39 महिलाएं और 38 पुरुष इलेक्ट्रल कलेज में शामिल हैं। पीटी ऊषा का आईओए में साथ निभाने के लिए निशानेबाज गगन नारंग, पहलवान योगेश्वर दत्त, तीरंदाज डोला बनर्जी, टेनिस खिलाड़ी डोला बनर्जी आदि कई खिलाड़ी हैं। नये संविधान के मुताबिक अब सचिव पद खत्म कर दिया या है।

उसकी जगह अब सीईओ की नियुक्ति होगी। आईओए के चुने गए पदाधिकारियों की इक यह खूबी है कि पिछले काफी समय से दो धड़ों में बंटे रहे इस संगठन इन धड़ों से जुड़े एक-आदि को छोड़कर कोई नहीं है। नए पदाधिकायों में कोषाध्यक्ष सहदेव यादव को जरूर ललित भनोट धड़े से जरूर माना जा रहा है। पर बाकी पदाधिकारी धड़ों से नहीं होने के कारण इस संगठन के अब सुचारू रूप से संचालन की उम्मीद की जा सकती है। पीटी ऊषा ने अध्यक्ष चुने जाने पर कहा भी है कि हमारी कोशिश होगी कि खिलाडियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़े। आईओए के दरवाजे हमेशा उनके लिए खुले रहेंगे।

पीटी ऊषा की अगुआई वाले आईओए में तमाम खिलाड़ी होने से यह तो फायदा होगा कि खिलाडियों की समस्याओं के समझने वाले होने से उनके हित वाली नीतियां बन सकेंगी। पर यह तब ही संभव हो सकेगा, जब ऊषा अपनी खिलाड़ी वाली छवि के हिसाब से ही काम करें। असल में केंद्र में शासित भाजपा सरकार ने इस साल पीटी ऊषा को राज्य सभा के लिए मनोनीत कराया था। आईओए चुनाव में भी उन्हें भाजपा समर्थित उम्मीदवार माना जा रहा था।

इसलिए उन्होंने राजनैतिक दल के हिसाब से काम किया तो बहुत संभव है कि वह बहुत सफल नहीं हो पाएं। फिर भी यह तो माना ही जा सकता है कि पीटी ऊषा खुद उम्दा खिलाड़ी रहीं हैं, इसलिए खिलाडियों की समस्याओं का समाधान जरूर करेंगी। यही नहीं अन्य खिलाडियों के सहयोग से आईओए यदि देश में ऐसा खेल माहौल बनाने में कामयाब हो जाता है, जिसमें हमारे खिलाड़ी ओलंपिक जैसे खेलों में डेढ़-दो दर्जन पदक ला सकें। वह अपने कार्यकाल में ऐसा कर सकीं तो उन्हें प्रशासक के रूप में खिलाड़ी की तरह ही दशकों तो याद रखा जाएगा।

# तवांग में एलएसी पर चीन से जारी तनाव के बीच वायुसेना का बड़ा युद्धाभ्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा एलएसी पर चीनी सैनिकों के साथ झड़प से पैदा हुए हालात के बीच भारतीय वायुसेना ने अरुणाचल प्रदेश समेत पूर्वोत्तर के इलाके में गुरुवार से दो दिन का बड़ा युद्धाभ्यास शुरू किया। इस अभ्यास में अत्याधुनिक लड़ाकू जेट राफेल और सुखोई समेत भारतीय वायुसेना के लगभग सभी फ्रंट लाइन लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं। पीएलए के साथ झड़प से बने तनाव की स्थिति के बीच युद्धाभ्यास के पहले दिन वायुसेना ने अरुणाचल प्रदेश में एलएसी के समीप से लेकर समूचे पूर्वोत्तर क्षेत्र को कवर करते अपनी सैन्य क्षमताओं को परखा। हालांकि वायुसेना ने यह जरूर साफ कर दिया कि यह युद्धाभ्यास किसी भी तरह तवांग सेक्टर में हुई घटना से जुड़ा नहीं है और यह अभ्यास पहले से तय था।

वायुसेना से जुड़े अधिकारी ने साफ किया कि युद्धाभ्यास की योजना काफी पहले बनाई गई थी और तवांग क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों से इसका कोई सरोकार नहीं है। इस अभ्यास का मकसद वायुसेना के उड़ान दल के दस्तों के प्रशिक्षण की निरंतरता को बनाए रखना है। सभी फ्रंट लाइन लड़ाकू विमानों के अलावा ग्राउंड से जुड़े कई तरह के सैन्य संसाधनों को भी अभ्यास में शामिल किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए वायुसेना की तैयारियों को परखना भी इस अभ्यास का लक्ष्य है। राफेल और सुखोई के अलावा सभी फ्रंटलाइन फा-इटर जेट शुक्रवार को भी अपने युद्धाभ्यास को जारी रखते हुए पूरा करेंगे। वैसे तवांग में एलएसी पर पीएलए के साथ झड़प के बाद वायुसेना ने अपनी सतर्कता पहले से कहीं ज्यादा बढ़ा दी है और अरुणाचल के इलाके में हवाई पेट्रोलिंग भी हो रही है।

सेना और वायुसेना पूर्वी लद्दाख के अग्रिम मोर्चों के साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम क्षेत्र में एलएसी पर अपनी आपरेशन सक्रियता पिछले दो साल से अधिक समय से लगातार बनाए हुए हैं। भारतीय सेनाओं की यह सर्तकता ही चीनी सैनिकों के मंसूबों को नाकाम कर रही है। वायुसेना ने पिछले हफ्ते तवांग सेक्टर में एलएसी के करीब चीन की बढ़ती हवाई सक्रियता को देखते हुए अपने लड़ाकू विमानों को भी करीब के इलाके में उतारा। खास बात यह भी रही कि पूर्वोत्तर में इस महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास के दिन ही भारतीय वायुसेना को फ्रांस से आने वाला अंतिम राफेल विमान भी इसके बेड़े में शामिल हो गया। वायुसेना ने टवीट कर इसकी जानकारी दी।

राफेल के 18 विमानों का एक बेड़ा अंबाला में है। वहीं हासीमारा स्थिति वायुसेना के पूर्वी कमान में भी राफेल का एक बेड़ा है। फ्रांस से आया अंतिम राफेल जेट हासीमारा स्थिति इसके बेड़े का हिस्सा बन गया। पूर्वी लद्दाख में अप्रैल-मई 2020 से एलएसी पर चीनी सेना अतिक्रमण का लगातार प्रयास कर रही है और जून 2020 में गलवन घाटी के खूनी संघर्ष के बाद गतिरोध कायम है। इसी बीच पिछले दो साल से चीन एलएसी पर दोहरी रणनीति अपनाते हुए अरुणाचल से जुड़े इलाकों में अतिक्रमण की नाकाम कोशिशें कर रहा है।

पिछले साल भी पेट्रोलिंग के दौरान सीमा विवाद को लेकर दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने हुए थे मगर स्थापित सैन्य प्रोटोकल के तहत बातचीत से टकराव टल गया था। सूत्रों के अनुसार तवांग में नौ दिसंबर की ताजा झड़प के दौरान भी इस इलाके में चीन ने ड्रोन सहित कुछ हवाई प्लेटफार्मों की तैनाती के जरिए यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति को एकतरफा बदलने की कोशिश की थी। लेकिन मुस्तैद भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों को वहां से पीटे हटने को मजबूर कर दिया।

## दक्षिण-पूर्व एशिया में निवेश के लिए यूरोपीय संघ जुटाएगा 10 अरब यूरो

**ब्रसेल्स , एजेंसी।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) में बुनियादी ढांचागत निवेश में तेजी लाने के लिए 2027 तक 10 अरब यूरो (10.6 अरब अमेरिकी डलर) जुटाने का वादा किया है। आयोजित यूरोपीय संघ-आसियान स्मारक शिखर सम्मेलन में ईयू और उसके सदस्य देशों ने वित्तीय सहायता की पेशकश की, जो दक्षिण-पूर्व एशिया में हरित अर्थव्यवस्था और स्थायी कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह सतत कनेक्टिविटी पहल और ग्रीन टीम यूरोप पहल के समर्थन से होगा।

यूरोपीय आयोग ने एक बयान में कहा, निवेश ऊर्जा, परिवहन, डिजिटलीकरण, शिक्षा, व्यापार और टिकाऊ मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। यह कोष दक्षिण-पूर्व एशिया के एक हरित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन, आवश्यक सेवाओं तक बेहतर पहुंच और आर्थिक अवसरों तथा नौकरियां सृजन करने में मदद करेगा।

## भूमि अधिग्रहण मुआवजे में दूर की जाएंगी कानूनी अड़चनें : गडकरी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सरकार ने देश में सड़क परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के भुगतान में अड़चनों को दूर करने के लिए कानून में जरूरी बदलाव करने का आश्वासन दिया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल के जवाब में यह आश्वासन दिया। गडकरी ने कहा कि सड़क परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण कानून केंद्र सरकार ने बनाया है और नियमों को राज्य तय करते हैं। यह एक कमी है कि यदि अधिग्रहण के बाद सड़क का एलाइनमेंट बदल जाए तो सरकार भूमि को लौटा नहीं सकती है। इस प्रकार के देश में एक लाख 74 हजार 327 मुकदमे लंबित हैं।

## श्रीवानी ट्रस्ट टिकट जारी करने के लिए तिरुपति हवाई अड्डे पर खोला काउंटर

**तिरुपति ,(एजेंसी)।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के संयुक्त कार्यकारी अधिकारी (जेईओ) वी वीरब्रह्मम ने रेनिगुंटा के तिरुपति हवाई अड्डे पर श्रीवानी ट्रस्ट टिकट जारी करने के लिए एक विशेष काउंटर खोला। वीरब्रह्मम ने इस अवसर पर कहा कि श्रीवानी ट्रस्ट ने लोकप्रियता हासिल की है और यह सफलतापूर्वक चल रहा है। इस ट्रस्ट द्वारा दान के माध्यम से प्राप्त धन का उपयोग दूरस्थ क्षेत्रों में मंदिरों के निर्माण के लिए किया जा रहा है। हाल ही में टीटीडी ने विश्राम गृह में कमरों की उपलब्धता के मद्देनजर आवास उपलब्ध कराने को लेकर यहां माधवम रेस्ट हाउस में श्रीवानी टिकट जारी करने का निर्णय लिया था। उन्होंने बताया कि प्रबंधन ने सोचा कि यह उन लोगों के लिए फायदेमंद होगा जो विभिन्न एयरलाइनों से तिरुपति आ रहे हैं।

## मोदी ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

**नयी दिल्ली ,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित और देश के लिए उनके अभूतपूर्व योगदान को याद किया। मोदी ने ट्वीट किया, श्मैं सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और भारत में उनके चिरस्थायी योगदान को याद करता हूं, खासकर हमारे राष्ट्र को एकजुट करने और सर्वांगीण विकास को गति देने में उनके अभूतपूर्व योगदान रहा।

## चिली के आठ जंगलों में लगी आग पर काबू पाने के प्रयास जारी

**सैंटियागो ,एजेंसी।** चिली के आठ जंगलों में जगह-जगह आग को बुझाने के प्रयास जारी हैं, जबकि 25 अन्य जगहों पर लगी आग पर काबू पा लिया है। आग के कारण देश के मध्य एवं दक्षिणी क्षेत्रों में 4,400 हेक्टेयर से अधिक भूमि जलकर नष्ट हो गयी है।चिली के आंतरिक एवं सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय आपातकालीन कार्यालय (ओनेमी) ने यह जानकारी दी है। ओनेमी ने बताया कि देश की राजधानी सैंटियागो के दक्षिण में ओहिगिन्स क्षेत्र के पामिला में लगी अब तक की सबसे बड़ी आग है जिसमें जंगल का 309 हेक्टेयर क्षेत्रफल आग से जलकर नष्ट हो गया है। छह दिसंबर से लगी आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है,

## रेलवे ट्रैक पर रील बनाते समय हादसा, ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**गाजियाबाद ,(एजेंसी)।** गाजियाबाद में ट्रेन से टकराकर 3 लोगों की मौत हो गई है। इनमें दो युवक एक युवती शामिल है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये लोग रील बनाने के लिए रेलवे ट्रैक पर गए थे। तेज गति से आती ट्रेन की चपेट में आकर तीनों की मौत हो गई। घटना गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के कल्लू गढ़ी रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमर्टम के लिए भेज उनकी पहचान का प्रयास कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हादसा बुधवार रात करीब 9 बजे कल्लूगढ़ी फाटक और डासना स्टेशन के बीच में हुआ। पद्मावत एक्सप्रेस गाजियाबाद से मुरादाबाद की तरफ जा रही थी। ट्रेन के लोको पायलट ने बताया कि तीन युवक-युवती ट्रेन की पटरी पर खड़े थे। उनके मोबाइल की फ्लैश लाइट चालू थी, जिससे ये प्रतीत हो रहा था कि वो वीडियो शूट कर रहे हैं। पायलट ने कई बार हर्न भी दिया, लेकिन वे हटे नहीं और ट्रेन के चपेट में आ गए।पुलिस ने बताया कि मरने वाले एक व्यक्ति के मोबाइल की डिस्प्ले स्क्रीन टूट गई, लेकिन वह काम कर रहा था। इस मोबाइल के जरिये एक मृतक की पहचान 25 वर्षीय शकील पुत्र बशीर के रूप में हुई। वो मसूरी में खाचा रोड का रहने वाला था और टैक्सी चलाता था।

## कर्नाटक के मंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए चांदी की ईट भेंट की

**बेंगलुरू ,(एजेंसी)।** कर्नाटक के मंत्री ड सीएन. अश्वथनारायण के नेतृत्व में 150 भक्तों की एक टीम ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर में चांदी की ईंट चढ़ाई। माता सीता को रेशम की साड़ी भेंट की गई और भगवान राम और लक्ष्मण को शल्य चढ़ाया गया। श्भारत माता की जय, श्गंगा माता की जय, श्सरयू माता की जय, श्जय श्री राम और अन्य के नारों के बीच मंत्री ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपक राय और राम मंदिर न्यास के पदाधिकारियों को चंदा सौंपा।कर्नाटक के रामनगर से श्रद्धालु सुबह 11 बजे मंदिर परिसर पहुंचे। कर्नाटक मूल के पुजारी गोपाल भट और उनके साथियों ने चांदी की ईंट, रेशम की साड़ी और शल्य की पूजा की।

## विवादित बयान को लेकर सांसद बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ एफआइआर के निर्देश

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के कामरूप की एक कोर्ट ने गुवाहाटी पुलिस को लोकसभा सांसद बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ विवादित टिप्पणी के लिए एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया है। असम जातीय परिषद ( ।श्रच) के उपाध्यक्ष दुलु अहमद ने याचिका दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करते हुए विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रांजीत हजारिका ने गुवाहाटी में हटीगांव पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को एफआइआर दर्ज करने के लिए कहा। कोर्ट ने 13 दिसंबर को अपने आदेश में थाना प्रभारी या अधीनस्थ अधिकारी को एआइयूडीएफ प्रमुख द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणी की जांच करने और अंतिम रिपोर्ट जमा करने के लिए भी कहा था।



तीन दिसंबर को हतीगांव पुलिस द्वारा अजमल के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं करने के बाद अहमद ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में कहा गया है कि एजेपी नेता ने 6 दिसंबर को शिकायत के साथ गुवाहाटी पुलिस आयुक्त से संपर्क किया था, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। कोर्ट ने याचिका पर गौर करते हुए पाया कि पुलिस आयुक्त और हटीगांव पुलिस ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। कोर्ट ने कहा कि शिकायत पर गौर करने से ऐसा लगता है कि इस मामले में पुलिस जांच की जरूरत है।

इससे पहले आल यूनियन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के अध्यक्ष मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने दो दिसंबर को विवादित बयान देते हुए कहा था कि हिंदुओं को बच्चों के मामले में मुसलमानों का फार्मूला अपनाना चाहिए और बच्चों की कम उम्र में ही शादी कर देनी चाहिए। अजमल ने लव जिहाद को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर भी टिप्पणी की थी।

बदरुद्दीन अजमल ने विवाद बढ़ने के बाद अपने बयान के लिए माफी मांग ली थी। उन्होंने कहा था कि मैं शर्मिंदा हूं। मेरे कहने से अगर किसी को दुख पहुंचा हो तो मैं क्षमा चाहता हूं। मेरी मंशा किसी को कष्ट पहुंचाने की नहीं थी। सांसद के बयान पर कई अन्य लोगों ने भी राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। अहमद ने अपनी शिकायत में अजमल के खिलाफ कानून के अनुसार कड़े कदम उठाने की मांग की।

# बदले-बदले नजर आए नीतीश

### विपक्षी दल के विधायक की पीठ थपथपाई, कहा- और जोर से नारा लगाइए

**पटना,एजेंसी।** दो दिनों के भीतर विधानसभा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दो रूप देखे। बुधवार को उनका गुस्सा चरम पर था। गुरुवार को वे विरोध कर रहे भाजपा विधायक की पीठ थपथपा रहे थे। विधानसभा की पहली पाली में मुख्यमंत्री लगातार बैठे रहे। उन्होंने आते ही सदस्यों के अभिवादन का हंसकर जवाब दिया। कोई टिप्पणी नहीं की। यहां तक कि भाजपा विधायक ताली पीटकर मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। कुछ देर तक मुख्यमंत्री भी ताली बजाते नजर आए। सदन में दूसरी पाली में भी हंगामा हुआ। भाजपा के विधायक सदन के बीच में आ गए। मुख्यमंत्री दूसरी पाली में सदन में मौजूद नहीं थे।



मुख्यमंत्री जिस समय विधानसभा में प्रवेश कर रहे थे, भाजपा के विधायक प्रवेश द्वार पर खड़े होकर उनके खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। नीतीश तब भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल के करीब से गुजरे। उनकी पीठ थपथपाई। मुस्कुराकर आग्रह किया- और जोर से नारा लगाइए। इतना कहकर वे आगे अपने कक्ष में चले गए। विधानसभा में भाजपा के अधिसंख्य सदस्य पीला कुर्ता पहन कर आए थे। बंडी का रंग अलग था। लेकिन, कई विधायक भगवा रंग की पगड़ी बांधे हुए थे। दूसरी पाली शुरू होने से पहले भाजपा विधायक नंदकिशोर यादव और वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने एक दूसरे का हाल चाल पूछा।

विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा की शिकायत दूसरे दिन भी दूर नहीं हुई। वह कुछ बोल रहे थे।

माइक से आवाज नहीं निकल रही थी। बुधवार को शोर-शराबे के समय से ही विपक्ष के नेता का माइक गड़बड़ है। कभी उससे आवाज निकलती थी तो कभी बंद हो जाती थी। विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी उन्हें समझा रहे थे कि वे अपने विधायकों को सीट पर बुला लें। सदन की कार्यवाही के संचालन में सुविधा होगी। बेशक अध्यक्ष का आग्रह बेअसर रहा। विपक्षी सदस्यों का हंगामा बंद नहीं हुआ। इधर सदन की कार्यवाही भी चलती रही।

## गैंगस्टर विकास लगरपुरिया दुबई से डिपोर्ट

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** गैंगस्टर विकास लगरपुरिया को हरियाणा पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी है कि विकास लगरपुरिया को दुबई से भारत डिपोर्ट किया गया था। बीती देर रात हरियाणा पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट पर उसे गिरफ्तार कर लिया। वह दिल्ली से सटे गुरुग्राम में 30 करोड़ की चोरी के केस में मास्टरमाइंड था।गुरुग्राम स्थित खेड़कीदौला थाना इलाके में साल 2021 में 5 अगस्त के दिन 30 करोड़ रुपये की सनसनीखेज चोरी का मामला सामने आया था। इस वारदात में दूसरे आरोपियों की गिरफ्तारी से खुलासा हुआ था कि गैंगस्टर विकास लगरपुरिया इस चोरी का मास्टरमाइंड है। बदमाशों ने अल्फाजी कार्प मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की रकम चुराई थी।

## जहरीली शराब कांड : बढ़ता जा रहा है मरने वालों का आंकड़ा, अब तक 25 लोगों की गई जान

**छपरा ,(एजेंसी)।** बिहार के सारण जिले में जहरीली शराब से हो रही मौत का आंकड़ा बढ़ता हो जा रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार जिले के तीन प्रखंडों में जहरीली शराब से 25 लोगों की मौत हो गई है। वहीँ, जिला प्रशासन मामले में ने चुप्पी साधे बैठा है।

हालांकि, पुलिस ने इस मामले में शराब बेचने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इशुआपुर के डोईला गांव से हरिराम महतो और उसके पुत्र सूरज महतो को गिरफ्तार किया है जिनके द्वारा भेजी गई शराब पीकर 25 लोगों की मौत हो गई है जबकि 15 से अधिक लोग बीमार हैं. प्रशासन द्वारा 25 लोगों में से 17 का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है।

वहीँ, घटना के बाद आज सुबह से ही सदर अस्पताल में बीमार लोगों का तांता लगा रहा। कई लोगों की आंखों की रोशनी खत्म हो गई तो कई लोग अपनी जिंद्गी से ही हाथ धो बैठे। इस मामले में एसपी संतोष कुमार ने बताया कि प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लिया है और इलाके में छापेमारी शुरू कर दी गई है। अभी तक पूरे जिले में अभियान चलाकर 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है वही इस कांड में शामिल 3 लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## लादेन की मेजबानी करने वाले पाकिस्तान को संरा में प्रवचन देने का अधिकार नहीं: भारत

**संयुक्त राष्ट्र ,एजेंसी।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिस देश ने आतंकवादी संगठन अल-कायदा के नेता ओसामा बिन लादेन की मेजबानी की और पड़ोसी मुल्क की संसद पर हमला किया, उसके पास संरा में प्रवचन देने का अधिकार नहीं है।

विदेश मंत्री ड.एस जयशंकर ने यह टिप्पणी पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा सुधारित बहुपक्षवाद पर परिषद की बहस में बोलते हुए कश्मीर मुद्दे को उठाने के बाद की है। ड. जयशंकर ने कहा, हम स्पष्ट रूप से आज बहुपक्षवाद में सुधार की तात्कालिकता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारे पास स्वाभाविक रूप से हमारे विशेष विचार होंगे, लेकिन कम से कम यह बात सामने आ रही है कि इसमें और देरी नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कहा, संरा की विश्वसनीयता हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों के प्रभावी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है, चाहे वह महामारी हो, जलवायु परिवर्तन हो, संघर्ष हो या आतंकवाद हो। जब हम सर्वोत्तम समाधान खोजते हैं, तो हमारे प्रवचन को कभी भी इस तरह के खतरों को लेकर सामान्यीकरण नहीं करना चाहिए।

विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा, दुनिया जिसे अस्वीकार्य मानती है, उसे सही ठहराने का सवाल ही नहीं उठना चाहिए। यह निश्चित रूप से सीमा पार आतंकवाद के देशों के प्रायोजन पर लागू होता है। न ओसामा बिन लादेन की मेजबानी करना और न ही पड़ोसी मुल्क की संसद पर हमला करना इस परिषद के सामने उपदेश देने के लिए प्रमाण के रूप में काम कर सकता है।

## बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी के कंबल वितरण कार्यक्रम में मची भगदड़, तीन महिलाओं की मौत

**कोलकाता ,(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां, पश्चिम बर्धमान के आसनसोल में आज शाम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के कंबल वितरण कार्यक्रम में भीड़ उमडने से भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में तीन लोगों की मौत की खबर आमने आई है। बताया जा रहा है कि पांच अन्य घायल हो गए हैं। ये घटना उस समय हुई, जब शुभेंदु अधिकारी अपना भाषण खत्म कर कार्यक्रम स्थल से चले गए। इस कार्यक्रम का आयोजन आसनसोल के पूर्व मेयर और बीजेपी नेता जितेंद्र तिवारी ने किया था। घायलों को आसनसोल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुभेंदु अधिकारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। वहीं इस हादसे के बाद से टीएमसी ने शुभेंदु अधिकारी पर हमलावर हो गई है।

## सरिस्का बाघ परियोजना में बसे गांव का विस्थापन प्रक्रिया में आई तेजी

**अलवर ,(एजेंसी)।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ परियोजना में बसे गांव का विस्थापन प्रक्रिया में इन दिनों तेजी आई है और इसमें सरिस्का के शीर्ष अधिकारी लगे हुए हैं। सरिस्का में बसे 29 गांव में से पांच गांव का पूर्व में ही विस्थापन कर दिया था लेकिन बाकी के गांव में से छह गांव में इन दिनों सतत प्रक्रिया शुरू है और यह प्रक्रिया काफी युद्ध स्तर पर चल रही है लेकिन जमीन अभाव के कारण इसमें गति आशा के अनुरूप नहीं मिल पा रही है।

सरिस्का के उप वन संरक्षक जगदीश दहिया ने बताया कि 11 गांव में 1151 परिवारों में से 848 परिवारों को विस्थापित कर दिया गया है। गत दो साल में सबसे ज्यादा विस्थापन प्रक्रिया अमल में लाई गई ।इन गांवों में सुकोला, कांकवाडी, क्रशका, हरीपुरा, देवरी और लज गांव में विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है। हर महीने किसी न किसी गांव से कुछ परिवार विस्थापन योजना के तहत बसाई जा रहे हैं और इन को सबसे ज्यादा भूमि का पैकेज पसंद आ रहा है। उन्होंने बताया कि सूकोला में 65 परिवारों में से 41 परिवारों को विस्थापित कर दिया गया है। काकवाडी में 171 परिवारों में से 143 परिवारों विस्थापित कर दिया गया है क्रास्का गांव में 206 परिवारों में से 125 परिवारों को विस्थापित कर दिया गया है। यहां 39 परिवार विस्थापन की प्रकीर्य में है। हरीपुरा अब मैं 78 में से 50 परिवारों को विस्थापित कर दिया गया है। छह परिवार विस्थापन की प्रक्रिया में हैं इसी तरह देवरी गांव में 190 परिवारों में से 94 परिवारों को विस्थापित कर दिया गया है। चार परिवार विस्थापन की प्रक्रिया में हैं। लज गांव में 124 परिवारों में से 76 परिवारों को विस्थापित कर दिया गया है 43 परिवार विस्थापन की प्रक्रिया में हैं। जिसमें विस्थापन सहमति देने के उपरांत ही परिवारों के विस्थापन किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

यह प्रक्रिया वर्ष 2008 से शुरू हुई थी जिसमें भगानी ,रोटक्याला, उमरी ,पानी डाल और डाबली को पूर्व में ही विस्थापित कर दिया गया था ।अब बाकी के छह गांव विस्थापित किए जा रहे हैं। इन गांव को वर्तमान में नारायणपुर के पास कानपुरा लोज, तिजारा रूंध में बसाया जा रहा है ।कानपुरा लोज में करीब 126 हेक्टेयर जमीन सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है ।वहीं तिजारा रूंध में 350 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध है और 660 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध होने की पूरी प्रक्रिया में है। इस वक्त सबसे ज्यादा सरिस्का के विस्थापित परिवार तिजारा रूंध को पसंद कर रहे हैं क्योंकि यहां पर सभी सुविधाएं सुविधाएं उपलब्ध हैं। हाईवे से कनेक्ट है।

पूर्व में नंगला रूंध बड़ोद ,मौजपुर रूंध में विस्थापित परिवारों को बसाया गया था जहां सुविधाओं का काफी अभाव था। लेकिन तिजारा रूंध में यहां के विस्थापित परिवारों को पसंद आ रही है ।विस्थापित परिवारों को दो तरह के पैकेज हैं ।एक तो 15 लाख रुपए नगद का पैकेज है दूसरा पैकेज है 6 बीघा जमीन ,600वर्गगज का प्लट और सुविधाओ के लिए 375000 रुपए का मुआवजा। विस्थापित परिवारों को सबसे ज्यादा दूसरा पैकेज पसंद आ रहा है और क्योंकि उनके पास पशु है जिन्हें पालने के लिए जमीन चाहिए और जंगल के आदमियों को जमीन बहुत जरूरी है। ये परिवार मवेशी चराई पर ही निर्भर है। फसल से ही अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं।

उन्होंने बताया कि इसके लिए तहसीलदार के नेतृत्व में बनी कमेटी विस्थापित गांव का दौराध निरीक्षण करती है और सर्वे करती है और जो रिपोर्ट देती है उसी के आधार पर परिवार निर्धारित होते हैं । इसमें मुख्य बात यह है कि 21 साल के शादीशुदा लोगों को ही एक परिवार माना गया है। उन्होंने बताया कि एक एक करके गांवों का सर्वे कराया जाता है। फिर विस्थापन की प्रक्रिया शुरू होती है। उन्होंने बताया कि सरिस्का जंगल से सभी लोग निकलना चाहते हैं और धीरे-धीरे सभी को विस्थापित किया जा रहा है ।

# अश्विन का अर्धशतक, भारत की पहली पारी 404 रन पर सिमटी



चटगांव, रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर खेलते हुए बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी 404 रन पर सिमट गई। छह विकेट पर 278 रन से आगे खेलते हुए भारत ने श्रेयस अय्यर (86) का विकेट आठवें ओवर में गंवा दिया, जिन्हें इबादत हुसैन ने बोल्ड किया।

अय्यर एक बार फिर शतक से वंचित रह गए और कल के स्कोर में चार रन ही जोड़ पाये। उन्होंने 192 गेंद की अपनी पारी में दस चौके लगाये। अय्यर ने पहला टेस्ट शतक पिछले साल नवंबर में अपने पदार्पण मैच में लगाया था और तभी से दूसरे शतक का इंतजार कर रहे हैं। अय्यर के जाने के बाद कुलदीप और अश्विन ने समझबूझ के साथ बल्लेबाजी की। अश्विन 58 और कुलदीप ने 40 रन बनाए।

# फीफा विश्व कप के फाइनल में पहुंचते ही जीत के जश्न में डूबा फ्रांस



पेरिस, फ्रांस के विश्व कप फाइनल में पहुंचते ही देश भर में फुटबॉल की दीवानगी चरम पर पहुंच गई और हर शहर में जश्न की शुरूआत भी हो गई जबकि टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर फख्र करने वाले मोरक्को के समर्थकों के चेहरों पर मायूसी थी। पेरिस में चैंम्प्स एलिसीस पर फुटबॉलप्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा, जिन्होंने आतिशबाजी की और फ्रांस के झंडे लहराये। चारों तरफ कार के हॉर्न का शोर सुनाई दिया। शहर भर में दंगा रोकने वाली पुलिस गश्त करती दिखाई दी। पेरिस के बोलवाडर्स से लेकर मोरक्को की राजधानी रबात तक, फ्रांस के नीस से लेकर मोरक्को के मराकेश तक दोनों टीमों के समर्थक बड़ी संख्या में इस मैच को सार्वजनिक स्थलों पर देख रहे थे। मैड्रिड में मैच के बाद सोल स्क्वेयर पर जश्न मनाया गया।



# फाइनल में पहुंचते ही जश्न में डूबा अर्जेंटीना

ब्यूनस आयर्स , सडक़ों पर चारों तरफ अर्जेंटीना के झंडे, नीली जर्सी में लोगों का झुंड और आसमान तक गूंजता 'मेस्सी मेस्सी' का शोर। कतर में फुटबॉल विश्व कप सेमीफाइनल में अर्जेंटीना की क्रोएशिया पर 3–0 से जीत के बाद देश के लगभग हर शहर में यह नजारा देखने को मिला। फुटबॉल का दीवाना देश कभी न खत्म होने वाले जश्न में डूब गया। राजधानी ब्यूनस आयर्स में मैच खत्म होते ही लोग सडक़ों पर उमड़ पड़े। मैच शुरू होने से पहले पूरा शहर मानों थम गया था। चिलचिलाती गर्मी की दोपहर में कैफे, रेस्त्रां और सार्वजनिक स्थानों पर लगी बड़ी स्क्रीनों के सामने लोग नजरें गड़ाये खड़े थे।

# विलियमसन ने छोड़ी न्यूजीलैंड की टेस्ट कप्तानी

वेलिंगटन, न्यूजीलैंड के सबसे कामयाब टेस्ट कप्तान रहे केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड की टेस्ट कप्तानी छोडऩे का फैसला किया है । पिछले छह साल में विलियमसन ने अपनी कप्तानी में 40 टेस्ट में रिकॉर्ड 22 जीते , दस गंवाये और आठ ड्रॉ खेले । उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड ने पिछले साल पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीती थी ।उनकी कप्तानी में जीत का प्रतिशत 55 रहा जबकि कार्यवाहक कप्तान टॉम लाथम की कप्तानी में 44 प्रतिशत और पूर्व कप्तान तथा इंग्लैंड के मौजूदा कोच ब्रेंडन मैकुलम की कप्तानी में 35 . 5 प्रतिशत जीत का औसत रहा। तेज गेंदबाज टिम साउदी टीम के नये कप्तान होंगे जबकि 32 वर्ष के विलियमसन विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे । विलियमसन सीमित ओवरों के प्रारूप में कप्तान बने रहेंगे ।



विलियमसन ने कहा , कप्तानी से मैदान के भीतर और बाहर अतिरिक्त कार्यभार रहता है । मुझे लगता है कि कैरियर के इस मुकाम पर यह सही फैसला है ।न्यूजीलैंड क्रिकेट से बातचीत के बाद हमने यह महसूस किया कि अगले दो साल में दो विश्व कप होने हैं और ऐसे में सीमित ओवरों की कप्तानी पर ही फोकस रहना चाहिये । साउदी न्यूजीलैंड के 31वें टेस्ट कप्तान होंगे । उनकी कप्तानी में टीम इस महीने पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट खेलेगी । वह 22 टी20 मैचों में न्यूजीलैंड की कप्तानी कर चुके हैं ।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने बतौर कप्तान विलियमसन के योगदान की सराहना करते हुए कहा , केन की कप्तानी में न्यूजीलैंड ने काफी सफलतायें अर्जित की । उसने अपने प्रदर्शन के जरिये मोर्चे से अगुवाई की और टीम को पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में जीत दिलाई । उन्होंने कहा , हमें उम्मीद है कि उसका कार्यभार कम करके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे लंबे समय तक खेलते देख सकेंगे ।

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 2–0 से हराया, सेमीफाइनल में आयरलैंड से होगी भिड़ंत

वालेंशिया, पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को यहां एफआईएच नेशन्स कप में दक्षिण अफ्रीका को 2–0 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की जिससे वह पूल में शीर्ष पर रही। भारत के लिये दीप ग्रेस एक्का ने 14वें और गुरजीत कौर ने 59वें मिनट में गोल दागे। इससे टीम पूल बी के सभी मैच जीतने में सफल रही ।दुनिया की आठवें नंबर की टीम भारत ने नौ अंक से पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया। उसने इससे पहले मैचों में चिली को 3–1 से और जापान को 2–1 से शिकस्त दी थी। भारतीय टीम अब सेमीफाइनल में आयरलैंड से भिड़ेगी। पूल ए में स्पेन दो जीत और एक ड्रा से शीर्ष पर रहा। आठ टीमों का यह टूर्नामेंट भारत के लिये काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 'प्रोमोशन–रेलीगेशन' की प्रणाली आरंभ करेगा। इसमें चैम्पियन टीम को 2023–24 एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग में 'प्रोमोट' किया जायेगा जो अगले साल होने वाले एशियाई खेलों तथा 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये अहम टूर्नामेंट होगा।

# मां कल तुम मैच देखना मैं लाइव रहूंगा, अगली सुबह हो गई मौत

नई दिल्ली, पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने अपनी मां की दुखद मौत पर खुलकर बात की। नसीम शाह ने बताया कि गेंदबाज को जिस दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करना था। उसके एक दिन पहले उनकी मां निधन हो गया था। 19 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 2019 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। स्काई स्पोर्ट्स स्टार से बात करते हुए नसीम ने अपनी मां के साथ बिताए हुए लम्हों की यादों को ताजा किया। तीन साल बाद अब नसीम ने उस घटना के बारे में बताया, जिसने उनकी जिंदगी को झकझोर कर रख दिया था। नसीम ने बताया, ह्लमैं अपनी मां से बहुत ज्यादा जुड़ा हुआ था। जब मैं 12 साल का था, तब मैंने क्रिकेट की वजह से घर छोड़ दिया था। मैं लाहौर शिफ्ट हो गया।



**टीम प्रबंधन ने दी मां के निधन की जानकारी**

नसीम ने आगे कहा, ह्लजब मेरा डेब्यू आया, तो उसने मुझे एक दिन पहले फोन किया और मैंने उससे कहा, कल मेरा डेब्यू है। वह टीवी नहीं देखती थी, उसे क्रिकेट की समझ नहीं थी, लेकिन मैंने उससे कहा, तुम्हें कल मैच देखना चाहिए क्योंकि मैं खेल रहा हूं, मैं टीवी पर लाइव रहूंगा।

**नसीम बन गए हैं पाकिस्तान के स्टार गेंदबाज**

नसीम शाह ने कहा, ह्लवह बहुत खुश थी, उसने कहा कि वह खेल देखने के लिए लाहौर आएगी। अगली सुबह जब मैं उठा तो टीम प्रबंधन का मेरे पास फोन आया और कहा, तुम्हारी मां का निधन हो गया है। अगले छह से आठ महीने मेरे लिए बहुत कठिन रहे।

मुझे हर जगह मां ही दिखती थी, लेकिन जब आप टीम के लिए खेलते हैं तो आपको सबकुछ भूलकर अच्छा प्रदर्शन करने को सोचते हैं। अब मैं मजबूत हूं। क्योंकि मैं जानता हूं मैं इसे संभाल सकता हूं।

## फिल्मी गपशप

# इच्छाशक्ति वजन घटाने की योजना का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा : पिया बाजपेयी



दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपने काम के लिए पहचानी जाने वाली पिया बाजपेयी ने अपने खाने की आदतों और वर्कआउट शेड्यूल के बारे में बात की, जो उन्हें एक उचित फिगर बनाए रखने और फिट रहने में मदद करते हैं। पिया ने अपने आहार के बारे में बात करते हुए कहा, मैं एक कट्टर शाकाहारी हूं और मुझे एक महान आहार विशेषज्ञ का आशीर्वाद प्राप्त है, जो मेरी व्यवहार्यता के अनुसार मेरे सेवन को नियंत्रित करने में मेरी मदद करता है और मुझे एक सरल लेकिन व्यावहारिक आहार से जोड़े रखता है। उन्होंने कहा, मेरे पास प्रत्येक भोजन के लिए दो विकल्प हैं, एक अगर मैं घर पर रहूं और दूसरा अगर मैं कभी बाहर रहूं।

अपने वर्कआउट पैटर्न के बारे में थोड़ा सा साझा करते हुए उन्होंने कहा, अलग–अलग लोगों के लिए अलग–अलग वर्कआउट काम करते हैं और मुझे यह समझने में थोड़ा समय लगा कि मेरे लिए भारी वजन उठाने के प्रशिक्षण ने हमेशा मुझे मस्कुलर बनाया है, जो कि वह लुक नहीं है, जिसके लिए मैं जा रही हूं। मुझे जो सूट करता है, वह है कार्डियो और फंक्शनल ट्रेनिंग के साथ क्रॉसफिट ट्रेनिंग।

पिया ने अंत में अपने प्रशंसकों के लिए एक सलाह दी : इच्छाशक्ति वजन घटाने में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और अगर यह गायब है, तो कोई आहार या कसरत काम नहीं करेगा,

# भूल भुलैया 2 का साउथ में बनेगा रीमेक, कार्तिक आर्यन ने की पुष्टि



अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में आई थी। इसके निर्देशक अनीस बाज्मी हैं। अब कार्तिक ने एक इंटरव्यू में फिल्म से जुड़ी रोचक जानकारी दी है। उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि भूल भुलैया 2 का साउथ में रीमेक बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म की रीमेक को लेकर बातचीत चल रही है। कार्तिक ने कहा, साउथ में भूल भुलैया 2 का रीमेक बनाया जा रहा है। यह एकदम उल्टा है, भूल भुलैया एक साउथ फिल्म की रीमेक थी। वहीं भूल भुलैया 2 एक ऑरिजनल फिल्म है, जिसका साउथ में रीमेक बनाया जा रहा है। यह एक जीत है। फिल्म किसी भी क्षेत्र से आए, हमारी फिल्म होनी चाहिए। बता दें कि कार्तिक की इस फिल्म ने भारतीय सिनेमाघरों में 185.92 करोड़ रुपये बटोरे थे।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की मिशन मजनू 20 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की फिल्म मिशन मजनू ने ओटीटी की राह पकड़ ली है। अब मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा कर दी है। फिल्म को अगले साल 20 जनवरी को सीधे स्ट्रीमिंग प्लेट-फॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित कर दिया जाएगा। नेटफ्लिक्स ने ट्विटर पर एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की प्रीमियर की तारीख का ऐलान किया है। बता दें कि शांतनु बागची ने फिल्म का निर्देशन किया है।



नेटफ्लिक्स ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, एक जांबाज एजेंट की अनसुनी कहानी। मिशन मजनू। 20 जनवरी से देखिए केवल नेटफ्लिक्स पर। इसकी कहानी पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे महत्वाकांक्षी रॉ ऑपरेशन पर आधारित है। फिल्म 1970 के दशक में असली घटनाओं से प्रेरित है। इस जासूसी थ्रिलर फिल्म में सिद्धार्थ रॉ एजेंट की भूमिका में नजर आएंगे।

# नुसरत भरूचा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को दीवाना बनाना



एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को दीवाना बनाना बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस नुसरत सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस में नुसरत भरूचा बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। नुसरत भरूचा ने डीपनेक आउटफिट में बोल्ड और हॉट लग रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ओपन हेयर स्टाइल में कई पोज देती नजर आ रही हैं। बोल्ड और हॉटनेस से भरी नुसरत भरूचा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही वायरल हो जाती हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा इन तस्वीरों में हुस्न की मलिका नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। लाइट मेकअप और स्टाइलिश अंदाज नुसरत के लुक में चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस नुसरत के आउटफिट की तस्वीरों पर फैंस जमकर अपना प्यार लुटा रहे हैं। नुसरत के इंस्टाग्राम अकाउंट को 5.1 मिलियन फॉलोवर्स फॉलो करते हैं।

## विजय सेतुपति ने दिखाई अपने ट्रांसफॉर्मेशन की झलक

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार विजय सेतुपति ने अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। सोशल मीडिया पर उनके नए लुक को देखकर फैंस काफी आश्चर्यचकित हैं।

विजय ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह सफेद लिबाज में दिखे हैं। वह तस्वीर में मुस्कुराते हुए मिरर सेल्फी क्लिक करते नजर आए हैं। तस्वीर में देखा जा सकता है कि अपने नए लुक के लिए विजय ने वजन कम किया है। इस तस्वीर में विजय का शरीर काफी दुबला नजर आ रहा है। फैंस उनके नए लुक पर प्यार बरसा रहे हैं। विजय को आखिरी बार फिल्म डीएसपी में देखा गया था, जिसमें उन्होंने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी।

# स्विट्जरलैंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी द कश्मीर फाइल्स

विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स 11 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को जबरदस्त सफलता मिली है। अब इसका प्रीमियर स्विट्ज़रलैंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होने वाला है। निर्देश-क विवेक ने ट्विटर पर पोस्ट शेयर करते हुए प्रशंसकों को इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि द कश्मीर फाइल्स को प्रतिष्ठित स्विट्ज़रलैंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ऑफिशियल सेलेक्शन कैटेगरी के लिए चुना गया है। इस फिल्म ने दुनियाभर में 340.92 करोड़ रुपये की कमाई की है। भारत में इसने 252.90 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। खबरों की मानें तो इसे करीब 20 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है। इसकी कहानी सच्ची घटना को केंद्र में रखकर बुनी गई है, जिसमें कश्मीरी पंडितों के पलायन और नरसंहार को फिल्माया गया है। फिल्म में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी और चिन्मय मंडलेकर दिखे हैं।



जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com